डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 07.04.2025 से 13.04.2025 ▶ वर्ष-42 ▶ अंक-15 ▶ मूल्य ₹ 10.00

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक**

## स्कूल शिक्षा के बजट में इस वर्ष 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में प्रत्येक शासकीय विद्यालय में पर्याप्त बिजली, पंखा, स्वच्छ तथा शीतल पेयजल की व्यवस्था और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बच्चे की शिक्षा, चिकित्सा और पोषण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के हर विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए हमने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक बजट का प्रावधान किया। हम अपनी शिक्षा व्यवस्था में सभी जरूरी सुधार लाने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी शाला जर्जर हालत में न रहे। सभी विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एक अच्छा माहौल और प्रोत्साहन देने वाला परिवेश उपलब्ध करायें, ताकि बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय पहुंचे। विभागीय अधिकारी कन्या छात्रावास में महिला



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

अधिकारी की नियुक्ति, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दें।

### शिक्षा व्यवस्था में सुधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था नई जरूरतों के मुताबिक सुधार लाने के लिए सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) जैसे क्रांतिकारी नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय देश में एक आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) बनकर उभरें, इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां और प्रयास किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा नीति-2020 के अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में लागू नई शिक्षा नीति के मॉडल का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए हमारी सरकार स्कूलों में आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयासरत है। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य में स्थानीय पूर्व सांसद और पूर्व विधायक, समाजसेवी संस्थाओं, पूर्व छात्रों एवं सीएसआर फंड से भी सहयोग लेने का सुझाव दिया।

### बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के वार्षिक परिणाम समय पर घोषित किए जायें। बैठक में बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आगामी मई माह के प्रथम सप्ताह में ही रिजल्ट घोषित करने की तैयारी की जा रही है।

- **मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति-2020 के अक्षरशः पालन के दिए निर्देश।**
- **माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो।**
- **प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता करें सुनिश्चित।**

### नैतिक शिक्षा देने पर जोर

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्कूल स्तर से ही बच्चों को आदर्श पारिवारिक मूल्यों की नैतिक शिक्षा देने के लिए उचित प्रबंध करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्या भारती, गायत्री परिवार और आर्ट ऑफ लिविंग जैसी संस्थाओं को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों से जोड़ा जाए। बाल्यकाल में प्राथमिक कक्षा से ही विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास का क्रम जारी रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए सुझावों का सरकार स्वागत करेगी।

## प्रदेश को मिली चार सड़क परियोजनाओं की सौगात

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को 4 सड़क परियोजनाओं की मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को सड़क अधोसंरचना निर्माण और क्षेत्रीय विकास में एक बड़ी सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि ये सड़कें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश के लिए 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 4302.93 करोड़ रुपये है।

## मध्यप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य पूर्ति के लिए करें जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन - मुख्य सचिव

**भोपाल,** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने भोपाल में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य निर्धारण को लेकर सभी विभागों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री जैन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी विभागों की विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक क्रियान्वयन समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बैठक में विजन @2047 के अंतर्गत विभागीय कार्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। शासन के महत्वाकांक्षी "गरीब, अन्नदाता, युवा एवं नारी" मिशन के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना पर भी व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव श्री जैन ने संकल्प पत्र में सभी विभागों से जुड़े समस्त संबंधित बिंदुओं पर चर्चा कर, उनके पालन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले विषयों के क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किए जाएं।

### विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की

बैठक में जन शिकायत निवारण, अंतर्विभागीय एवं विधानसभा से जुड़े विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई। मुख्य सचिव श्री जैन ने लंबित सीएस मॉनिट, भारत सरकार से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्रों की समीक्षा, पेपर कटिंग, सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस, सीपी ग्राम, विधानसभा प्रश्न एवं आश्वासन सहित कैग रिपोर्ट से संबंधित विभागीय बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की समयपूर्वक प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग सतत् क्रियान्वयन करें एवं समय-समय पर क्रियान्वयन की समीक्षा भी सुनिश्चित करें।

## जिला स्तर पर सर्वे करवाकर विकसित करें कार्य योजना

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश की शत-प्रतिशत बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करें। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों की आवश्यकता के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अवश्य लिया जाए। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा



अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और उनके उन्नयन की आवश्यकता के प्रति सतर्क रहते हुए तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जाए। सड़कों के रख-रखाव और नियमित निरीक्षण में मोबाइल एप, जियो टैगिंग तथा एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर इसे अधिक प्रभावी बनाया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पाण्डाटोला से बीजाटोला तक देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में किया गया है। सड़कों के संधारण और उन्नयन के लिए भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में प्रदेश, देश में प्रथम रहा है। प्रदेश में मार्गों के संधारण के लिए वर्ष 2015-16 से लागू ई-मार्ग पोर्टल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई तथा केन्द्र सरकार द्वारा इसे सम्पूर्ण देश में नेशनल ई-मार्ग के रूप में लागू किया गया है।

## गौरवशाली विरासत का उत्सव है विक्रमोत्सव

**उज्जैन,** भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर उज्जैन में विक्रमोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया की पहली वैदिक घड़ी और भगवान महाकाल के अद्भुत महालोक की सौगातों से महाराजा विक्रमादित्य की उज्जयिनी के गौरव और वैभव की पुनर्स्थापना की है। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है।

### दुनिया को न्याय की ओर मोड़ा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन नगरी सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल की नगरी है। उज्जयिनी वह नगरी है जिसमें योगीराज श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की तो अनेक राजा महाराजाओं ने अपने न्याय प्रिय शासन से दुनिया को न्याय की ओर मोड़ा। आज का दृश्य देख कर लग रहा है मानो सम्राट विक्रमादित्य स्वयं इस नगरी में पधारे हैं। हम सबके लिए यह सौभाग्य की बात है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में श्रीमहाकाल महालोक का निर्माण हुआ और भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी का वैभव और बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका शासन काल रामराज्य की याद दिलाता है। हमारी सरकार भी निरंतर जनता की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 29 मार्च

### वर्ष में तीन बार होंगी सीए फाइनल परीक्षाएं

● भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) ने घोषणा की है कि वर्ष 2025 से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) फाइनल ईयर की परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित होंगी, पहले ये परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित होती थी। आईसीएआई ने बताया कि पिछले वर्ष सीए इंटरमीडिएट और फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित कराने का फैसला लिया गया था और अब सीए फाइनल की परीक्षाएं भी वर्ष में तीन बार आयोजित की जाएंगी। यह निर्णय विद्यार्थियों को अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। आईसीएआई ने कहा कि अब तीनों स्तर - सीए फाइनल, सीए इंटरमीडिएट और सीए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित कराई जायेंगी। ये परीक्षाएं प्रतिवर्ष जनवरी, मई और सितंबर में आयोजित होंगी।

● नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) ने कोरोनरी स्टेंट बनाने और आयात करने वाली कंपनियों को कीमत बढ़ाने की अनुमति दे दी है। यह फैसला महंगाई को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एनपीपीए के अनुसार जिन कंपनियों के स्टेंट की कीमतें तय अधिकतम सीमा से कम हैं, वे वर्ष 2024 के थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर 1.74 प्रतिशत तक दाम बढ़ा सकती हैं। एनपीपीए ने दर्द निवारक, एंटीबायोटिक, संक्रमण रोकने वाली, मधुमेह और कैंसर की दवाओं के दाम भी बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की है।

## 30 मार्च

### आयुष्मान योजना में बने 36.9 करोड़ से अधिक कार्ड

● देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत देशभर में 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक रिपोर्ट में दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के जरिए स्वास्थ्य देखभाल पर लोगों का निजी व्यय कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस योजना में सरकार ने लाभार्थी आधार 12 करोड़ परिवारों तक पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। इस योजना में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक भी लाभान्वित हो रहे हैं।

● इंडोनेशिया की संसद में सैन्य कानून संशोधन विधेयक पारित होने के बाद देश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इस विधेयक के विरोध में राजधानी जकार्ता में संसद के बाहर किए जा रहे प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों सहित कई वाहनों में आग लगा दी। उल्लेखनीय है कि नए सैन्य कानून के तहत सैन्य अधिकारियों का बिना इस्तीफा दिए 14 सरकारी संस्थानों में पद संभालने की अनुमति दी गई है, पहले यह सीमा 10 संस्थानों तक थी।

## 31 मार्च

### दुबई में अपना केंद्र खोलेगा आईआईएम अहमदाबाद

● भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएम-ए) अब दुबई में अपना केन्द्र शुरू करेगा। यह जानकारी आईआईएम-ए निदेशक प्रोफेसर भरत भास्कर ने संस्थान के 60वें दीक्षांत समारोह में दी। प्रोफेसर भास्कर ने कहा कि आईआईएम-ए दुबई में अपना अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र शुरू करने जा रहा है। यह केन्द्र सितंबर-2025 से पहला कोर्स शुरू करेगा। ये किसी भी भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) का विदेश में पहला केन्द्र होगा। उन्होंने एक नए केस पद्धति शिक्षा उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की भी घोषणा की। समारोह के मुख्य अतिथि एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने छात्रों से कहा कि नवाचार और सहयोग करना जारी रखें। नवाचार के लिए जिज्ञासा की संस्कृति, असफलता का सामना करने की ताकत और जवाब खोजने की भूख जरूरी है।



● केंद्र सरकार ने मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने के लिए बढ़ाने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय के अनुसार मणिपुर में अफस्पा को 13 निर्दिष्ट पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में लागू कर दिया गया है। वहीं नागालैंड में यह अधिनियम आठ जिलों - दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक और पेरेन में लागू होगा। इसके अलावा, नागालैंड के पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्र अगले छह महीनों तक अफस्पा के अंतर्गत रहेंगे। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश में तिरप, चांगलांग और लॉन्गडिंग जिलों में अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, यह अधिनियम नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखाम पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

## 1 अप्रैल

### सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के पाठ्यक्रम में किया बदलाव

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप कक्षा दसवीं और बारहवीं के पाठ्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं। इन बदलावों का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट पर जोर देना और पढ़ाई के तरीकों को सरल बनाना है। सीबीएसई ने कहा कि अब कक्षा दसवीं के छात्रों को एक स्किल बेस्ड विषय अनिवार्य रूप से लेना होगा, वहीं कक्षा बारहवीं के पाठ्यक्रम में चार नए स्किल आधारित विषय शामिल किए गए हैं। बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों को नए पाठ्यक्रम के अनुसार विषयों को पढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। पाठ्यक्रम में बदलाव से विद्यार्थियों में रटने की आदत कम होगी और वे चीजों को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। नए पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के बारे में बताया जाएगा।

● केंद्र सरकार ने बंदरगाहों, सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। इसके लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और विभिन्न राज्य सरकारों के चर्चा शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं स्थापित करने के लिए दो हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि वर्तमान में देशभर में 32,500 ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 तक इनकी संख्या बढ़ाकर 72,300 करना है।

## 2 अप्रैल

### ईपीएफओ ने ऑटो क्लेम की लिमिट बढ़ाकर की पांच लाख रुपये

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने अंशधारकों को बड़ी राहत दी है। ईपीएफओ ने भविष्य निधि अकाउंट से ऑटो सेटलमेंट ऑफ एडवांस क्लेम (एएसएसी) की लिमिट को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंजूरी प्रदान की है। पहले यह लिमिट एक लाख रुपये थी। ईपीएफओ ने कहा कि अब बिना किसी डॉक्यूमेंटेशन के पीएफ खाताधारक ऑटो क्लेम सुविधा के जरिए पांच लाख रुपये तक की राशि निकाल सकेगा। इसके साथ ही अब तक जो क्लेम सेटलमेंट 10 दिन में होता था, वो अब महज 3-4 दिनों में हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईपीएओ ने अप्रैल 2020 में अपने खाताधारकों को ऑटो क्लेम की सुविधा देना शुरू की थी, जो शुरुआती दौर में 50 हजार रुपये थी। मई 2024 में इस लिमिट को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख किया गया था। अब एक बार फिर इस लिमिट में इजाफा किया गया है।

● नेशनल हाई-वे और एक्सप्रेस-वे पर गाड़ी चलाने के लिए अब वाहन चालकों को अधिक टोल चुकाना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में नेशनल हाई-वे पर टोल शुल्क में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि की है। एनएचएआई ने कहा नेशनल हाई-वे पर वाहन चालकों के लिए संशोधित टोल शुल्क लागू हो गया है। एनएचएआई ने सभी नेशनल हाई-वे और एक्सप्रेस-वे के लिए टोल दरों में वृद्धि की सूचना अलग-अलग जारी की है। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टोल शुल्क की दरों में यह बदलाव एक वार्षिक प्रक्रिया का हिस्सा है, जो थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई में बदलाव से जुड़ी होती है।

## 3 अप्रैल

### यूजीसी ने अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम किया शुरू

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 'अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम' (एईडीपी) की शुरुआत की है। इसके माध्यम से अंडर ग्रेजुएट (यूजी) छात्रों को उनकी डिग्री के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस पहल के तहत, छात्र यूजी प्रोग्राम के दौरान अप्रेंटिसशिप करने का मौका पाएंगे। इससे उनकी रोज़गार क्षमता में बढ़ोतरी होगी। यूजीसी ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए ड्राफ्ट जारी कर दिया है। अप्रेंटिसशिप के लिए जो शेड्यूल तय किया गया है, उसके तहत तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में न्यूनतम एक सेमेस्टर और अधिकतम तीन सेमेस्टर तक अप्रेंटिसशिप शामिल हो सकती है। चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में दो से चार सेमेस्टर तक अप्रेंटिसशिप की जा सकेगी। डिग्री अप्रेंटिसशिप सहभागिता में प्रवेश के लिए यह अनिवार्य होगा कि मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थान, उद्योग/संस्था और अप्रेंटिस छात्र के बीच त्रिपक्षीय समझौता हो।

● हिमाचल प्रदेश के जंगलों में आग को रोकने के लिए वहां पेड़ों पर सेंसर लगाए जाएंगे। इसके लिए वन विभाग अल्ट्रा रैपिड फायर डिडक्शन सिस्टम पर काम कर रहा है। इसमें एक हेक्टेयर वन भूमि पर तीन जगह सेंसर लगाए जाएंगे, जो जंगल में आग लगने की घटना की तुरंत सूचना देंगे। यह सेंसर जंगलों में धुआं निकलने पर ही वन विभाग को अलर्ट भेज देगा। विभाग का अमला बिना किसी देरी के घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर नियंत्रण कर सकेगा।

## 4 अप्रैल

### पीपीएफ खातों में नॉमिनी अपडेट करने पर नहीं लगेगा शुल्क

● सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) खातों में नॉमिनी अपडेट कराने या नॉमिनी की संख्या बढ़ाने पर अब कोई शुल्क नहीं लगेगा। यह जानकारी केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने दी। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार ने पीपीएफ खातों में अपडेट के लिए लगने वाले शुल्क को हटाने के लिए आवश्यक बदलाव किए हैं, इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पारित हुए बैंकिंग संशोधन विधेयक में 4 लोगों को नॉमिनी बनाने की सुविधा मिली थी, ऐसे में जो लोग पीपीएफ खातों में नॉमिनी अपडेट कराने के लिए वित्तीय संस्थानों में पहुंच रहे थे, उनसे संस्थान द्वारा 50 रुपये शुल्क लिया जा रहा था। अब पीपीएफ खाताधारकों को यह शुल्क नहीं देना होगा।

● अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ऐलान के बाद से ही दुनियाभर में ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। इसी बीच कनाडा ने भी अमेरिका को जवाब देते हुए अमेरिकी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडाई सरकार अमेरिका से आयात होने वाली कुछ गाड़ियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। हालांकि यह टैक्स उन गाड़ियों पर लागू होगा जो अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा व्यापार समझौते के नियमों का पालन नहीं करती। उन्होंने कहा कि इस फैसले के तहत ऑटो पार्ट्स पर कोई टैक्स नहीं लगेगा और मैक्सिको से आने वाले वाहनों को भी इस टैरिफ से छूट मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

SKC LNCT GROUP OF COLLEGES, INDORE

APPLICATION INVITED

Applications are invited for the teaching & non – teaching (Teaching positions under College Code - 28 & UGC/ AICTE/ PCI norms)

LAKSHMI NARAIN COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES INDORE (Under Code 28)
Principal / Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
Biotechnology, Microbiology, Pharmaceutical - Chemistry, Chemistry, Physics, Mathematics, Economics, History, Computer Application, Journalism and Mass Comm., Comp. Science, English, Hindi, French, Psychology, Commerce and Management

LAKSHMI NARAIN COLLEGE OF TECHNOLOGY INDORE
Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
MBA Dept. (Under College Code - 28) - Finance, Marketing, HR, IT, Business Analytics, Operations, General Management
Engineering - CS / IT / ME / AU / EX / EC / Physics / Chemistry / Maths / Communication Skill / Aptitude Trainer

LAKSHMI NARAIN COLLEGE OF TECHNOLOGY & SCIENCE (RIT) INDORE
Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
MBA Dept. (Under College Code - 28) - Finance, Marketing, HR, IT, Business Analytics, Operations, General Management
Engineering - CS / IT / ME / Civil / Physics / Chemistry / Maths / Communication Skill/ Aptitude Trainer

JAGADGURU DATTATRAY COLLEGE OF PHARMACY & LAKSHMI NARAIN COLLEGE OF PHARMACY (RCP), INDORE
Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
Pharmaceutics, Pharmacognosy, Pharma Chemistry, Pharmacology

Apply within 10 days to - HR Department
Candidates with higher qualification PhD & UGC Net may meet directly.

For Non Teaching HR Manager
Administrative Officer, Sports Officer, TPO, Accountants, Office Assistant, Network Admin, Exam Controller, Receptionists, Housekeeping Supervisor, Librarian, Lab Attendants, Welder, Fitter, Carpenter, Electricians, Plumbers, Bus Drivers, Peon, Gardner, Admission Counselor, Admission In charge, Marketing Head

SKC LNCT Education for Execution
Bhavrasala, Rewati Range Behind Aurbindo Hospital Sanwer Road, Indore- 453 331 (M.P.)
+91 97524 10843
hr@lnctindore.com
SARAL AD

R-50774/2025

वर्ष 42, अंक 15 07.04.2025 से 13.04.2025

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाडे
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

# दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनने की ओर मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच हुआ सहकारिता अनुबंध इसी बात का परिणाम है। राज्य सरकार के संकल्प पत्र में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ रुपये के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाने का फैसला किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जा रहा है। एक दुग्ध समिति लगभग 1 से 3 गांव में दुग्ध संकलन करती है, 9 हजार दुग्ध समितियों के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 3.7 लाख किलोग्राम प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रुपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश में दूध उत्पादन के साथ-साथ दूध के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन पर गौ-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। गौ-शालाओं को दिए जा रहे अनुदान को भी बढ़ाया गया है। दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का स्थान भारत में तीसरा है, अब प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने की दिशा में कार्य चल रहा है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आगामी 13 अप्रैल को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक (गोपाल) सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में राज्य शासन एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंधों का निष्पादन किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन, दुग्ध महासंघ, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड व दूध उत्पादन से जुड़ी अन्य संस्थाओं को एक मंच पर लाकर मार्गदर्शन दिया जायेगा। इसके साथ ही प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में ब्रीडिंग की नवीन तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इसमें सार्टेड सीमन, एम्ब्रियों ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (इटीटी) एवं गौ-चिप जैसी नई तकनीकों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र) आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी में बायोगैस, जैविक खाद, गौ-शिल्प, दैनिक उत्पाद की सामग्री, फिनाइल एवं पेंट आदि भी प्रदर्शित किए जाएंगे। साइलेज और हाइड्रोपोनिक्स के उत्पादन और चलित पशु चिकित्सा इकाई का प्रदर्शन भी सम्मेलन स्थल पर किया जाएगा।

## जमीनी लड़ाई लड़ रहे सैनिकों को सुरक्षित आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है स्काय राइडर

पिछले लगभग दो वर्ष से जारी इजराइल और हमास के बीच युद्ध के दौरान दोनों ही देशों की सेना ने कई अत्याधुनिक हथियारों और सैन्य उपकरणों का उपयोग किया। इन सबके बीच इजरायल की सेना द्वारा उपयोग किया गया स्काय राइडर यूनिट 5353 सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा। चर्चा का विषय इसलिए भी कह सकते हैं क्योंकि यह राइडर अत्याधुनिक तकनीक से लेस है और दुश्मनों को ढूंढ-ढूंढ कर मारने में पूरी तरह से सक्षम है। इस हथियार को इजराइल डिफेंस फोर्सेस की आर्टिलरी कोर की 215वीं ब्रिगेड इस्तेमाल करती है। यह राइडर बाज की तरह निगरानी रखने में पूरी तरह सक्षम है और युद्ध क्षेत्र में स्पेशल फोर्स, इन्फेंट्री यूनिट, बटालियन को सुरक्षित आगे बढ़ने में मदद करता है।

अगर हम इस राइडर के उपयोग की बात करें तो लगभग 20 वर्ष पहले आईडीएफ की सेना ने मिनी ड्रोन तैनात करने का अध्ययन किया। अध्ययन उपरांत वर्ष 2006 में लेबनान युद्ध के दौरान स्काय राइडर यूनिट 5353 की नींव रखी गई। युद्ध के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यूएवी (मानव रहित वाहन) को जमीनी रक्षा बलों के साथ जोड़ना बेहद जरूरी है। उसके बाद वर्ष 2010 में इस राइडर का उपयोग सेना में औपचारिक ढंग से होना शुरू हुआ। इस दौरान खुफिया और कॉम्बैट कलेक्शन कोर के कई परीक्षणों के बाद यह यूनिट स्थापित हुई। इस यूनिट का हिस्सा केवल वही आर्टिलरी कोर के सैन्य सदस्य बनते हैं जो स्पेशल यूनिट की परीक्षा पास करते हैं। इसकी चयन प्रक्रिया बेसिक ट्रेनिंग के समय होती है, जिसके बाद सैनिकों को एक स्पेशल कंपनी में भेजा जाता है। आर्टिलरी कोर के बाकी सैनिकों की तरह ही बुनियादी प्रशिक्षण के बाद, स्काय राइडर सैनिकों को 3-4 महीने का व्यक्तिगत और 3-4 महीने का संयुक्त प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे छोटी टीमों में प्रभावी तरीके से काम करने में निपुणता हासिल कर सकें।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

# विक्रमोत्सव में होगी सम्राट विक्रमादित्य के संपूर्ण समाज और शासन व्यवस्था की झलक

आदर्श राज्य व्यवस्था के लिये सम्राट विक्रमादित्य की प्रसिद्धि पूरे संसार में है। भारतीय गौरव के प्रतीक सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति में मध्यप्रदेश सरकार ने विक्रमोत्सव आरंभ किया है,जो 30 जून तक चलेगा। इसके अंतर्गत 12, 13 और 14 अप्रैल को दिल्ली में भी समारोह होने जा रहा है। इस आयोजन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को आमंत्रित किया गया है। विक्रमोत्सव के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार उच्चतम आदर्शों से संसार को अवगत कराना चाहती है।

आदर्श जीवन मूल्यों और उच्चतम शासन व्यवस्था के लिये भारत पूरे संसार में विख्यात है। भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक विज्ञान को समझने के लिये विदेशी विद्वान सैकड़ों वर्षों से भारत आते रहे हैं। हेलियोडोरस, ह्वेनसांग, फाह्यान, अलबरूनी, कनिंघम आदि लेखकों की एक लंबी सूची है। मेक्समूलर ने भारत से बाहर रहकर भारत की प्रत्येक विधा का अध्ययन किया। इनमें से प्रत्येक लेखक के विवरण में भारतीय विशेषताओं का वर्णन मिलता है। भारत की उन्नत सभ्यता और उच्चतम विकास का एक प्रमुख केन्द्र मध्यप्रदेश का उज्जैन भी रहा है। यह नगर पृथ्वी की कर्क रेखा पर बसा है। प्रागैतिहासिक काल से आधुनिक के प्रत्येक कालखंड में उज्जैन संसार भर के आकर्षण का केन्द्र रहा है। वैदिक काल में काल गणना के लिये उज्जैन सर्वोच्च शिखर पर था और उच्चतम शिक्षा केन्द्र भी। तभी तो महाभारत काल में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण शिक्षा के लिये उज्जैन ही आये थे। इस नगर का विज्ञान कितना उन्नत था इसका प्रमाण यही है कि 2081 वर्ष पहले उज्जैन से आरंभ हुये विक्रम सम्वत् की वैज्ञानिकता पर आज भी पूरा संसार चकित है। सुप्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य का जन्म भी इसी उज्जैन में हुआ और उनके साम्राज्य का केन्द्र भी उज्जैन था। सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल विविधताओं और विशेषताओं से भरा था। शौर्य, शक्ति, सामर्थ्य, समृद्धि, उच्चतम शासन व्यवस्था और आदर्श समाज जीवन के लिये उनका प्रशासन विश्व भर में जाना जाता है। सम्राट विक्रमादित्य के शासन व्यवस्था की तुलना रामराज्य से होती है। एक ऐसी शासन प्रणाली जिसमें किसी व्यक्ति को कोई कष्ट न था। न दैहिक और न दैविक। उच्चतम आदर्श शासन व्यवस्था के लिये रामजी के बाद सम्राट विक्रमादित्य का ही स्मरण किया जाता है। यह उनके उच्चतम प्रबंधन की ही ख्याति है कि सैकड़ों सालों तक भारत के विभिन्न क्षेत्र के शासक अपने राज्याभिषेक के साथ 'विक्रमादित्य' उपाधि ग्रहण करते थे। 'विक्रमादित्य' की उपाधि के साथ राज्यभार ग्रहण करने वाले राजा पूरे भारत में मिलते हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक लगभग सभी क्षेत्र में कोई न कोई राजा ऐसा अवश्य रहा जिसने 'विक्रमादित्य' उपाधि ग्रहण की। यह सम्राट विक्रमादित्य जैसे महान और दूरदर्शी शासकों के विकास कार्यों की विशेषता रही कि भारत 'विश्वगुरु' और 'सोने की चिड़िया' के रूप में विख्यात हुआ। भारत आज पुनः नये विकास की अंगड़ाई ले रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को पुनः विकसित राष्ट्रों में सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित करने का संकल्प लिया है। भारत को शीर्ष पर पुनर्प्रतिष्ठित करने के अभियान में मोदीजी ने विकास की संकल्पना में विरासत को भी जोड़ा है। उनका मानना है कि वही वृक्ष आकाश की ऊंचाइयों पर चिरंजीवी रह सकता है जिसकी जड़ें गहरी हों। समाज के जीवन की जड़ें उसकी संस्कृति में होती हैं, गौरवशाली अतीत की स्मृतियों में होती हैं। इसलिए उन्होंने नारा दिया है 'विकास भी विरासत भी'। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कार्य योजनाओं में मोदीजी का यही मंत्र है। डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि विश्व में सर्व प्रतिष्ठित राष्ट्र का आकार लेने जा रहे भारत के विकसित प्रांतों की श्रेणी में अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश हो। इसीलिए वे विकास और प्रतिव्यक्ति आय वृद्धि के लिये नवाचार कर रहे हैं। नीतियां भी उदार बना रहे हैं तो इसी के साथ मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और संसार में लाने का भी अभियान चला रहे हैं। मध्यप्रदेश में वन्य अभयारण्य का विकास, श्रीकृष्ण पाथेय, गौ-संरक्षण, 19 धार्मिक स्थलों को नशामुक्त बनाना, श्रीराम वन गमन पथ के विकास में तेजी, आदि कदम उठाये गए हैं। इसी श्रृंखला में उन्होंने 125 दिवसीय विक्रमोत्सव आरंभ किया है। विक्रमोत्सव के दौरान सांस्कृतिक, सामाजिक समागम तो होंगे। इसके साथ शासन व्यवस्था और समाज जीवन के आदर्श मूल्यों से भी समाज को अवगत कराया जायेगा। सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल में यह उच्चतम परिवार प्रबंधन, प्राकृतिक संरक्षण, दायित्व बोध, सामाजिक समरसता, उन्नत सुरक्षा प्रबंध ही तो था जिसके उदाहरण आज भी दिये जाते हैं।

### सम्राट विक्रमादित्य का संक्षिप्त परिचय

सम्राट विक्रमादित्य का जन्म विद्वानों द्वारा 101 ईसा पूर्व में माना जाता है। उनके पिता गन्धर्वसेन भी चक्रवर्ती सम्राट थे। सुप्रसिद्ध राजा भर्तृहरि उनके बड़े भाई थे। राजा भर्तृहरि भी संस्कृत के विद्वान और नीति निपुण थे। राजा भर्तृहरि द्वारा रचित श्रृंगार शतक, नीति शतक, और वैराग्य शतक आज भी उपलब्ध हैं। इन तीनों रचनाओं में सौ-सौ श्लोक हैं। इन रचनाओं के नाम से ही स्पष्ट है कि उनमें जीवन के तीनों स्वरूपों का वर्णन है। माता सौम्यदर्शना देवी भी वैदिक और संस्कृत विद्वान थीं। सम्राट विक्रमादित्य के परिवार की पृष्ठभूमि से यह स्पष्ट है कि भारत में आज से इक्कीस सौ वर्ष पूर्व भी शिक्षा कितनी उन्नत थी। महिलाएं भी संस्कृत और वैदिक अध्ययन करती थीं। जिन परिस्थितियों में सम्राट विक्रमादित्य का जन्म हुआ वे साधारण नहीं थीं। भारत शकों के आक्रमणों से आक्रांत था। राजा गन्धर्वसेन के राज्य की सीमा मथुरा तक लगती थी।

### सम्राट विक्रमादित्य की आदर्श नीतियां

सम्राट विक्रमादित्य की आदर्श नीतियों की झलक उस समय के संस्कृत साहित्य में है, जिन्हें कहानियों के रूप में बहुत रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह प्रस्तुति सिंहासन बत्तीसी और विक्रम बेताल कथाओं में है। सिंहासन बत्तीसी में बत्तीस पुतलियां हैं। उस सिंहासन पर बैठने का प्रयास कर रहे राजा भोज को एक एक पुतली राजा विक्रमादित्य की विशेषता बताती है। पहली पुतली रत्नमंजरी की कहानी में राज्य की संपन्नता, दूसरी पुतली चित्रलेखा की कहानी में राजा की कल्पनाशीलता, चंद्रकला की कहानी में पुरुषार्थ, कामकंदला की कहानी में दानवीरता, लीलावती की कहानी में त्याग, रविभामा की कहानी में तात्कालिक प्रतिउत्पन्न मति, कौमुदी की कहानी में दुष्टता को पहचानना, पुष्पवती की कहानी में समय और वस्तु की उपयोगिता, मधुमालती की कहानी में प्रजाहित चिंतन, प्रभावती की कहानी में पारिवारिक दायित्व, त्रिलोचना की कहानी में आध्यात्म, पद्मावती की कहानी में शौर्य, कीर्तिमति की कहानी में यशवृद्धि, सुनयना की कहानी में शत्रु से सावधानी और रक्षा, सुंदरवती की कहानी में दायित्व बोध, सत्यवती की कहानी में वचनशीलता, विद्यावती की कहानी में परोपकार, तारावती की कहानी में कला और ज्ञान का सम्मान, रूपरेखा की कहानी में तपस्वी जीवन, ज्ञानवती की कहानी में ज्ञानियों से सत्संग, चंद्रज्योति की कहानी में शोध और अनुसंधान को प्रोत्साहन, अनुरोधवती की कहानी में बुद्धि और संस्कार का महत्व, धर्मवती की कहानी में कर्मशीलता, करुणावती की कहानी में चरित्रवान, त्रिनेत्री की कहानी में आस्थावान, मृगनयनी की कहानी में नारी की विश्वसनीयता, मलयवती की कहानी में दानशीलता, वैदेही की कहानी में स्वर्ग अर्थात आदर्श स्थान की यात्रा, मानवती की कहानी में बहन के विवाह के माध्यम से कुटुम्ब के दायित्व निर्वाहन, जयलक्ष्मी की कहानी में मोह से मुक्ति, कौशल्या की कहानी में मृत्यु का सत्य और रूपवती की कहानी के माध्यम से स्मृति कोष में जाग्रत रखने का संदेश है। इन विशेषताओं को धारण करने वाला शासक ही सफल और कालजयी होता है।

### सम्राट विक्रमादित्य के आदर्श की झलक

वनवासियों को संगठित कर अपनी मातृभूमि को मुक्त कराना तो सम्राट विक्रमादित्य का एक पक्ष है। लेकिन इससे अधिक महत्वपूर्ण उनकी आदर्श राज्य व्यवस्था जो छोटी छोटी कहानियों के रूप में लोक जीवन में विख्यात हैं। उनका राज्य प्रबंधन बहु आयामी था। इसका वर्णन इन लोक कथाओं में है। इनमें व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक सभी आयाम समाये हैं। उनकी नीतियां, प्राथमिकताएं और सिद्धांत कालजयी हैं। सम्राट विक्रमादित्य की सत्ता का केन्द्र मध्यप्रदेश में उज्जैन था। उनके आदर्श जीवन मूल्यों से समाज को अवगत कराने के लिये मध्यप्रदेश सरकार विक्रमोत्सव मना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 26 फरवरी को उज्जैन में विक्रमोत्सव का शुभारंभ किया जो 30 जून तक चलेगा। कुल 125 दिन चलने वाले इस विक्रमोत्सव में सम्राट विक्रमादित्य के युग के साथ भारतीय गौरव की स्मृतियों के आयोजन होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय समाज जीवन में नवजागरण और नव चेतना उत्पन्न करना है। विक्रमोत्सव के दौरान सांस्कृतिक, बौद्धिक विमर्श के साथ प्रदर्शनियां भी लगाई जायेंगी। इनमें भारतीय ऋषि परंपरा, भारतीय वैज्ञानिक चिंतन, देवी अहिल्याबाई जैसे आदर्श व्यक्तित्वों, लोक जीवन की परंपराओं पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनियां, वेद अंताक्षरी, संगीत, नृत्य, नाटक, मूर्तिकला, पौराणिक फिल्मों का प्रदर्शन, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, हिन्दी सहित सभी भारतीय बोलियों में कवि सम्मेलन, पुस्तकों के प्रकाशन जैसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

रमेश शर्मा

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# भारतीय नौसेना अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों से अग्निवीर (एमआर) - 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है

WWW.JOININDIANNAVY.GOV.IN

**COMBAT READY, CREDIBILE, COHESIVE AND FUTURE READY FORCE**

## पात्रता शर्तें

1. अग्निवीर (एम आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच के लिए अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और व्यापक नियम और शर्तें नीचे दी गई हैं। पुरुष और महिला के लिए ट्रेडवार रिक्तियों का वितरण सेवा आवश्यकता के आधार पर तय किया जाएगा।

2. **शैक्षणिक योग्यता** उम्मीदवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 50% अंकों के साथ मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

**ध्यान दें:** जो उम्मीदवार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। हालाँकि, ऐसे उम्मीदवारों का चयन केवल तभी किया जाएगा जब वे भर्ती प्रक्रिया के बाद के चरणों के दौरान मूल मार्कशीट प्रस्तुत करेंगे (मार्कशीट की इंटरनेट प्रति स्वीकार्य नहीं है) और ऐसे उम्मीदवारों को भर्ती के लिए पात्र होने के लिए संबंधित श्रेणी के लिए कुल मिलाकर और साथ ही व्यक्तिगत विषयों में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करने चाहिए।

3. **आयु**

(क) **अग्निवीर 02/2025 बैच**: उम्मीदवार का जन्म 01 सितम्बर 2004 – 29 फ़रवरी 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

(ख) **अग्निवीर 01/2026 बैच**: उम्मीदवार का जन्म 01 फ़रवरी 2005 - 31 जुलाई 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

(ग) **अग्निवीर 02/2026 बैच**: उम्मीदवार का जन्म 01 जुलाई 2005 - 31 दिसम्बर 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

**ध्यान दें:**- 01 सितम्बर 2004 - 31 दिसम्बर 2008 के बीच पैदा हुए उम्मीदवार INET 2025 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। इसके अलावा, उम्मीदवार ऊपर दिखाए गए आयु मानदंड के अनुसार संबंधित बैच की स्टेज II भर्ती प्रक्रिया के लिए पात्र होंगे।

4. **वैवाहिक स्थिति**. केवल अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवार ही अग्निवीर के रूप में नामांकन के लिए पात्र हैं। नामांकन के समय उम्मीदवारों को 'अविवाहित' होने का प्रमाण पत्र देना होगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में अपने पूरे चार साल के कार्यकाल के दौरान शादी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार अपने कार्यकाल के दौरान शादी करता है या अविवाहित होने का प्रमाण पत्र देने के बावजूद पहले से ही शादीशुदा पाया जाता है तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## नियम एवं शर्तें

5. **सेवा की अवधि**.अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में 'नौसेना अधिनियम 1957' के तहत चार साल की अवधि के लिए भर्ती किया जाएगा। अग्निवीरों की रैंक मौजूदा रैंकों से अलग होगी और भारतीय नौसेना में सबसे जूनियर रैंक होगी।भारतीय नौसेना चार साल की नियुक्ति के बाद अग्निवीरों को सेवा में रखने के लिए बाध्य नहीं है।

6. **अवकाश**. अग्निवीरों के लिए प्रतिवर्ष 30 दिन का अवकाश लागू होगा इसके अतिरिक्त सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकित्सीय सलाह के आधार पर चिकित्सा अवकाश लागू होगा।

7. **वेतन भत्ते एवं संबद्ध लाभ**. अग्निवीरों को एक निश्चित वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ रुपये 30,000/- प्रतिमाह के पैकेज का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा जोखिम, कठिनाई, पोशाक और यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

8. **सेवा निधि**. सेवा की अवधि पूरी होने पर अग्निवीरों को वन टाइम सेवानिधि पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनके मासिक योगदान के साथ साथ सरकार द्वारा समान योगदान शामिल होगा, जैसा की नीचे दर्शाया गया है: -

| साल | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70 %) | अग्निवीर कॉर्पस फ़ंड में योगदान (30%) | सरकार द्वारा कॉर्पस फ़ंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| | सभी आंकड़े रुपये में (मासिक अंशदान) | | | |
| पहला वर्ष | 30000 | 21000 | 9000 | 9000 |
| दूसरा वर्ष | 33000 | 23100 | 9900 | 9900 |
| तीसरा वर्ष | 36500 | 25550 | 10950 | 10950 |
| चौथा वर्ष | 40000 | 28000 | 12000 | 12000 |
| | | **कुल अग्निवीर कॉर्पस** | **5.02 लाख** | **5.02 लाख** |

**नोट. अग्निवीर ग्रेच्युटी और पेंशन संबंधी लाभों का हकदार नहीं होगा।**

9. **जीवन बीमा**. अग्निवीर को सेवा के दौरान 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा प्रदान किया जाएगा।

10. **मृत्यु मुआवजा**. रुपये 48 लाख के जीवन बीमा के अतिरिक्त अग्निवीर की सेवा करते हुये मृत्यु होने पर 44 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर के वारिश को प्रदान की जाएगी।

11. **दिव्यांगता मुआवजा**. 100/75/50 प्रतिशत दिव्यांगता के लिए क्रमशः 44/25/15 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर को प्रदान की जाएगी।

**ध्यान दें:** मृत्यु/ दिव्यांगता मुआवजा के बारे में अधिक जानकारी के लिए भारतीय नौसेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in देखें।

12. **नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकन**. चार साल की सेवा अवधि पूर्ण करने पर संगठन की आवश्यकताओं और भारतीय नौसेना द्वारा स्थापित नीतियों के आधार पर अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इन आवेदनों पर अग्निवीरों की चार साल की नियुक्ति अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर आवेदनों पर केन्द्रीकृत तरीके से विचार किया जाएगा और नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में आगे की पुनः नियुक्ति के लिए प्रत्येक विशिष्ट बैच के अग्निवीरों में से 25% तक को ही नौसनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकित किया जाएगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना के रेगुलर कैडर में नामांकन के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। रेगुलर कैडर में नामांकन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

13. **नौसेना पेंशन विनियम/ ग्रेच्युटी**. अग्निवीर नौसेना पेंशन विनियमों/नियमों (समय समय पर संशोधित) के प्रावधानों में शामिल नहीं होंगे इसके अतिरिक्त अग्निवीर नियुक्ति की अवधि के लिए ग्रेच्युटी के हकदार नहीं होंगे।

14. **स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति**. अग्निवीरों को सेवा अवधि पूरी होने से पहले स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ अपवादात्मक मामलों में, इस योजना के तहत नामांकित अग्निवीरों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा स्वीकृत किए जाने पर सेवा से बाहर किया जा सकता है।

15. **भूतपूर्व सैनिक दर्जा**. अग्निवीर भूतपूर्व सैनिक दर्जे के पात्र नहीं होंगे।

16. **चिकित्सा और सी एस डी सुविधाएं**. अग्निवीर, नियुक्ति अवधि के दौरान सर्विस अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ सी एस डी प्रावधानों के भी हकदार होंगे।

## चयन प्रक्रिया

17. **चयन प्रक्रिया** स्टेज- I INET 2025 परीक्षा मई 2025 को आयोजित की जाएगी। स्टेज I - INET में प्राप्त अंकों के आधार पर, उम्मीदवारों को अग्निवीर (एम आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 के चरण II के लिए अलग से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। भर्ती के लिए अस्थायी समय-सीमा इस प्रकार है:-

| भर्ती गतिविधियाँ | संभावित समय सीमा |
|---|---|
| **स्टेज I - INET 2025** | |
| अग्निवीर चरण I (INET) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 के लिए आवेदन विंडो | 29 Mar – 10 Apr 25 |
| सुधार विंडो | 14 – 16 Apr 25 |
| स्टेज I – INET | May 25 |
| चरण I – INET के परिणाम की घोषणा | May 25 |
| चरण II - अग्निवीर 02/2025 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Jun 25 |
| अग्निवीर 02/2025 के लिए चरण II | Jul 25 |
| अग्निवीर 02/2025 के लिए चिल्का में प्रेरण | Sep 25 |
| चरण II - अग्निवीर 01/2026 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Oct 25 |
| अग्निवीर 01/2026 के लिए चरण II | Nov/ Dec 25 |
| अग्निवीर 01/2026 के लिए चिल्का में प्रेरण | Feb 26 |
| चरण II - अग्निवीर 02/2026 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Mar 26 |
| अग्निवीर 02/2026 के लिए चरण II | May 26 |
| अग्निवीर 02/2026 के लिए चिल्का में प्रेरण | Jul 26 |

**ध्यान दें**: उपर्युक्त तिथियां अस्थायी हैं और प्रत्येक गतिविधि की सटीक तिथियां उम्मीदवार पंजीकरण पोर्टल पर घोषित की जाएंगी।

## प्रथम चरण (आई एन ई टी - कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा)

18. **कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा**

(क) प्रश्नपत्र कंप्यूटर आधारित होगा जिसमें कुल 50 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।
(ख) प्रश्न-पत्र द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय) का होगा।
(ग) प्रश्न-पत्र में दो खंड होंगे अर्थात विज्ञान और गणित एवं सामान्य जागरूकता।
(घ) प्रश्न-पत्र 10 वीं स्तर का होगा और प्रश्न पत्र का प्रारूप वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in पर उपलब्ध है।
(ङ) प्रश्न-पत्र की अवधि 30 मिनट की होगी।
(च) उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के सभी अनुभाग में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रत्येक अनुभाग में और कुल उत्तीर्ण अंक भारतीय नौसेना द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।
(छ) **गलत उत्तर के लिए दंड**. उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए जुर्माना (नकारात्मक अंकन) होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प हैं जिनमें से केवल एक ही सही विकल्प है। **प्रत्येक प्रश्न जिसके लिए उम्मीदवार द्वारा गलत उत्तर दिया गया है, उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों में से एक चौथाई (0.25) अंक दंड के रूप में काट लिया जाएगा।**
(ज) कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा 'आई एन ई टी' के लिए परीक्षा केंद्र का आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।
(झ) **भारतीय नौसेना किसी विषम परिस्थिति में INET परीक्षा आयोजित न होने और/या सर्विस की आवश्यकता के अनुसार योग्यता परीक्षा (12वीं/10वीं बोर्ड परीक्षा) में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।**

19. **परीक्षा शुल्क**. परीक्षा शुल्क रु. 550/- (केवल पांच सौ पचास रुपये) और 18% जी एस टी का भुगतान उम्मीदवार को चरण I - INET आवेदन के दौरान ऑनलाइन मोड के माध्यम से नेट बैंकिंग का उपयोग करके या वीज़ा / मास्टर / रूपे क्रेडिट / डेबिट कार्ड / यू पी आई का उपयोग करके करना होगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जिन्होंने सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है।

**ध्यान दें**:-(क) एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जाएगा।
(ख) एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी और ऐसे मामलों में परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।
(ग) यदि आपने परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया है और आपके खाते से बिना बुलावा पत्र जारी हुये पैसे काट लिए गए हैं (यानि असफल भुगतान), तो कृपया अपने खाते में पैसे की स्वचालित वापसी के लिए 7 कार्य दिवस तक प्रतीक्षा कीजिये।
(घ) शुल्क केवल चरण I-INET आवेदन के दौरान लिया जाएगा। स्टेज II प्रक्रिया के लिए कोई अलग शुल्क नहीं होगा।

## द्वितीय चरण (शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा)

20. **स्टेज I – INET परिणाम**. चरण I - INET 2025 (उत्तीर्ण/असफल) के परिणाम उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के साथ उम्मीदवार के ऑनलाइन डैशबोर्ड https://joinindiannavy.gov.in पर अपलोड किए जाएंगे।

21. **शॉर्टलिस्टिंग**. अग्निवीर (एमआर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच (ऊपर पैरा 3 में उल्लिखित आयु मानदंड के अनुसार) के चरण II प्रक्रिया के पात्र उम्मीदवारों को चरण I – आई.एन.ई.टी 2025 में प्राप्त अंकों के आधार पर संबंधित बैच के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्टिंग राज्यवार की जाएगी। चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट-ऑफ अंक अलग-अलग राज्यों में भिन्न हो सकते हैं क्योंकि रिक्तियों को राज्य-वार तरीके से आवंटित किया गया है।
**ध्यान दें:- ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या रिक्तियों से अधिक होगी तो शोर्टलिस्टिंग को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचे हैं) को प्राथमिकता दी जाएगी।**

22. **स्पॉन्सर उम्मीदवार और एन सी सी "सी" प्रमाण पत्र धारक**. स्पॉन्सर उम्मीदवारों और एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्र धारकों को चरण I आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने मूल प्रमाणपत्र अपलोड करने की आवश्यकता होगी। स्पॉन्सर प्रमाणपत्रों का सत्यापन CABS के माध्यम से किया जाएगा और एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्रों का सत्यापन डीजी एन सी सी के माध्यम से किया जाएगा। **सत्यापित उम्मीदवारों को स्टेज I - INET परीक्षा से छूट दी जाएगी और उन्हें INET परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इन उम्मीदवारों को पात्रता के आधार पर चरण II भर्ती प्रक्रिया के लिए सीधे कॉल-अप जारी किया जाएगा।** इसके अलावा, मूल स्पॉन्सर /एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्र को भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सत्यापित किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण के दौरान कोई विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**ध्यान दें: - आवेदन प्रक्रिया के दौरान प्रोविज़नल प्रमाण पत्र या कोई अन्य अनधिकृत दस्तावेज जमा करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

23. **शारीरिक मापदंड**. चयन के लिए शारीरिक दक्षता जांच (पी एफ टी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार अपने जोखिम पर पी एफ टी में सम्मिलित होंगे। शारीरिक दक्षता मानक इस प्रकार हैं :-

| लिंग | 1.6 किमी दौड़ | उठक बैठक | पुश अप | सिट-अप (घुटने मोड़कर) |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 6 मिनट 30 सेकेंड | 20 | 15 | 15 |
| महिला | 8 मिनट | 15 | 10 | 10 |

**सलाह**:- खेल, तैराकी और पाठ्येतर गतिविधियों में प्रवीणता वांछनीय है।

24. **चरण II - लिखित परीक्षा।** चरण II की लिखित परीक्षा केवल उन उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी जो पीएफटी में उत्तीर्ण होंगे। चरण II लिखित परीक्षा का विवरण इस प्रकार है: -

(क) प्रश्न पत्र में 01 अंक के 50 प्रश्न होंगे।
(ख) प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय) होगा।
(ग) प्रश्न-पत्र में दो खंड होंगे अर्थात विज्ञान और गणित एवं सामान्य जागरूकता।
(घ) प्रश्न-पत्र 10 वीं स्तर का होगा। परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम और नमूना पत्र वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
(ङ) परीक्षा की अवधि 30 मिनट होगी।
(च) चरण II परीक्षा के लिए केंद्र आवंटत भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

25. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का भर्ती चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। भर्ती चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चयन सूची के लिए योग्य माना जाएगा। **वे उम्मीदवार जो भर्ती चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाये जाते है, यदि वे चाहें तो अधिकतम 05 दिनों के भीतर भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित सैन्य अस्पताल में इसके निष्कर्षों की समीक्षा के लिए अपील कर सकते हैं। नामित सैन्य अस्पतालों (भारतीय नौसेना द्वारा आंवटित) के अलावा अन्य अस्पतालों द्वारा जारी चिकित्सा दक्षता प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

26. **प्रोविज़नल चयन सूची**. प्रोविज़नल चयन सूची दूसरे चरण की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, बशर्ते उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। अग्निवीर (एम आर) – पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए चयन सूची पूरे देश के आधार पर बनाई जाएगी। परिणाम वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** में उम्मीदवार के डेशबोर्ड पर जारी किए जाएंगे।

**ध्यान दें:** (क) अग्निवीर (एम आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 के लिए चरण II प्रकिया और प्रोविज़नल चयन सूची अलग अलग होगी। जो अभ्यर्थी किसी एक बैच में चयनित नहीं हुए है वे किसी अग्रिम बैच मे चयन के लिए स्वचालित रूप से दावा नहीं कर सकते हैं।
(ख) ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की सख्या रिक्तियों से अधिक होगी तो शॉर्टलिस्टिंग को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचे हैं) को प्रथिमिकता दी जाएगी।

27. **अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा भा.नौ.पो. चिल्का में आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए उम्मीदवार को अंतिम चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अंतिम भर्ती चिकित्सा में उत्तीर्ण ना होने वाले उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

28. **चिकित्सा मानक**.

(क) वर्तमान भर्ती प्रकिया के लिए निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार अधिकृत सैन्य डाक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(ख) **लिंग**. यदि किसी भी उम्मीदवार में शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के लक्षण पाये जाते हैं, तो उसे अयोग्य घोषित करके उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे किसी भी उम्मीदवार, जिसने लिंग-पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराई हो, को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

(ग) **गर्भावस्था**. यदि कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पायी जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी उम्मीदवार को रिपोर्टिंग के समय या चार साल के कार्यकाल के समापन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए। यदि उम्मीदवार चार साल के कार्यकाल के दौरान गर्भवती पायी जाती है तो बर्खास्तगी/ निष्कासन के लिए उपयुक्त कारवाई की जाएगी

(घ) **न्यूनतम लम्बाई मानक**. **न्यूनतम लम्बाई पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 157 से.मी. है।**

(ङ) **टैटू**. स्थायी टैटू केवल कोहनी से नीचे अंदर की तरफ होने चाहिए जैसे कोहनी से मुट्ठी तक अंदर की तरफ और हथेली के पीछे। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और आवेदक को भर्ती में शामिल नही किया जाएगा।

(च) उम्मीदवार अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में होना चाहिए और ऐसी किसी बीमारी/ अपंगता से मुक्त होना चाहिए जिससे, शांति और युद्ध दोनों समय में तट पर तथा समुद्र मे कर्तव्य के सफल निष्पादन पर हस्तक्षेप करती हो।

**नोट:-(क) अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले अपने कानों की वैक्स और दाँतों से टार्टर साफ करके आयें।**

(ख) विभिन्न क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए **लम्बाई में छूट** संबंधित नियम वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर उपलब्ध हैं।

29. **दृष्टि मानक.**

| असंशोधित दृष्टि | सही दृष्टि | रंग धारणा |
|---|---|---|
| 6/12, 6/12 | 6/6, 6/6 | CP PASS |

**प्रशिक्षण**

30. **प्रशिक्षण**. पाठ्यक्रम के लिये प्रशिक्षण अस्थाई रुप से 02/25 बैच के लिए सितम्बर 2025, 01/26 बैच के लिए फरवरी 2026 और 02/26 बैच के लिए जुलाई 2026 में भा.नौ.पो. चिल्का, उड़ीशा में प्रारम्भ होगा।

31. **अनुपयुक्त होने पर निकाला जाना**. अग्निवीरों को प्रशिक्षण और सर्विस के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक प्रदर्शन/ कार्य करने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

**सामान्य**

32. आवेदन केवल वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** पर ऑनलाइन भरे जाएंगे और सभी आवश्यक दस्तावेजों (मूल रूप में) को स्कैन करके अपलोड करना होगा। चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी: -

(क) भारतीय नौसेना प्रवेश परीक्षा (INET) के लिए उम्मीदवारों को तीन शहरों को प्राथमिकता देनी होगी। प्रशासनिक कारणों को देखते हुए उम्मीदवारों को कोई अन्य स्थान आवंटित किया जा सकता है। उम्मीदवार द्वारा चयनित या भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित किए जाने के बाद केंद्र की पसंद को बदला नहीं जा सकता है

(ख) स्टेज I - INET 2025 के लिए कॉल अप लेटर कम एडमिट कार्ड, ऑनलाइन परीक्षा से लगभग एक सप्ताह पहले वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in से डाउनलोड करना होगा। कोई कॉल-अप लेटर सह एडमिट कार्ड डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

(ग) उम्मीदवारों से संपर्क करते समय संचार के केवल इलेक्ट्रोनिक माध्यम का उपयोग किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण में डाक द्वारा कोई दस्तावेज़ नहीं भेजा जाएगा।

(घ) आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये सत्यापित दस्तावेज़ (मूल प्रमाण-पत्र, अंक पत्र, निवास प्रमाण- पत्र, एन सी सी प्रमाणपत्र (अगर है तो)) की मूल प्रतियाँ परीक्षा के हर चरण मे साथ लाने की जरूरत होगी। भर्ती के हर चरण में जैसे कि विभिन्न केन्द्रो पर लिखित परीक्षा/ पी एफ टी और भर्ती चिकित्सा परीक्षा और भा.नौ.पो. चिल्का में भर्ती के समय सभी दस्तावेजों को सत्यापित किया जायेगा। **यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिये गये विवरण, भर्ती के किसी भी स्तर पर मूल दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जायेगी।**

(ङ) **चेतावनी: अधिवास प्रमाण-पत्र/ लिंग और अन्य विवरण गलत घोषित करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

(च) यदि उम्मीदवार कॉल लेटर में उल्लिखित तिथि और समय पर रिपोर्ट करने में विफल रहते है तो उम्मीदवार का चयन रद्द कर दिया जाएगा और भारतीय नौसेना में नामांकन के लिए उसका कोई दावा नहीं होगा। **चरण I - INET के लिए रिपोर्टिंग समय के 30 मिनट बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(छ) किसी एक बैच से संबंधित उम्मीदवार का चयन केवल उसी बैच के लिए मान्य है। योग्य उम्मीदवार जिनका नाम मेरिट सूची में नहीं है, वे अगले बैच के लिए प्रवेश का दावा नहीं कर सकते।

(ज) सभी चयनित उम्मीदवारों को आई एन एस चिल्का में सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ ऑनलाइन आवेदन भरते समय जमा किए गए स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि ऑनलाइन आवेदन के दौरान दिए गए विवरण आई एन एस चिल्का में प्रस्तुत मूल प्रमाणपत्रों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(झ) सभी चयनित उम्मीदवारों को आईएनएस चिल्का में भर्ती के लिए कॉल-अप लेटर के साथ पुलिस सत्यापन फॉर्म और अन्य संबंधित फॉर्म डाउनलोड करने होंगे। उम्मीदवारों को अपने संबंधित क्षेत्राधिकार के पुलिस अधीक्षक से पुलिस सत्यापन फॉर्म / ऑनलाइन पुलिस सत्यापन फॉर्म पर अपने पूर्ववृत्त को सत्यापित करने के बाद इसे आई एन एस चिल्का में जमा करना होगा। उम्मीदवारों के पास निवास स्थान या निवास स्थान से पुलिस सत्यापन फॉर्म होना चाहिए। **सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्ट और प्रतिकूल टिप्पणियों वाली रिपोर्ट के बिना उम्मीदवार नामांकन के लिए पात्र नहीं होंगे।** पुलिस सत्यापन फॉर्म का प्रारूप वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(ञ) संबंधित बैच के लिए भर्ती चक्र पूरा होने के छह महीने की अवधि के बाद इस भर्ती/नामांकन के संबंध में किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें**

33. **अग्निवीर (एम आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच के लिए चरण I - INET 2025 के लिए उम्मीदवार 29 मार्च (00:01 बजे) से 10 अप्रैल 2025 (17:00 बजे) तक केवल वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। किसी भी स्तर पर पहचाने गए उम्मीदवारों द्वारा जानकारी की गलत घोषणा के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आवेदन देश भर के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से अपलोड किया जा सकता है, शुल्क 60 रुपये + जी एस टी। यह सुविधा पूरी तरह से वैकल्पिक है।**

34. **फोटोग्राफ**.

(क) पासपोर्ट आकार का हालिया रंगीन फोटोग्राफ (मार्च 25 से पहले नहीं लिया गया हो) 10 के बी से 50 के बी साइज़ तक तथा बिना सर ढके (सिखों के अतिरिक्त) हल्की पृष्ठ भूमि में सामने का चित्र होना चाहिए। उम्मीदवार को अपने सीने के सामने एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर उम्मीदवार का पूरा नाम औए फोटो लेने की तारीख स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में सफ़ेद चाक से लिखी होनी चाहिए। अपलोड की गयी फोटोग्राफ की तुलना में उम्मीदवार की उपस्थिती में परिवर्तन जैसे कि बढ़ती हुई दाढ़ी, सर पर टोपी आदि होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(ख) आवेदन पत्र भरने के दौरान वेबकैम के माध्यम से लाइव फोटो खींची जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की वे आवेदन पत्र भरते समय अच्छी गुणवत्ता वाले फ़ोटो खींचे। जो फ़ोटो स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देंगे जैसे कि धुंधले, काली छाया इत्यादि दिखाई देगी तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

35. **आवश्यक सूचना**.

(क) परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी अन्य संचार उपकरणो की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमें भविष्य की परीक्षा से प्रतिबंध शामिल होगा।

(ख) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

(ग) किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में आज्ञा की अवहेलना और गलत व्यवहार नहीं करना है।

(घ) ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र का चयन का निर्णय सावधानी पूर्वक करना चाहिए।

(ङ) उम्मीदवारों को कई आवेदन करने से बचना होगा, यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

(च) भर्ती के प्रत्येक स्तर में प्रवेश के लिए या उम्मीदवार की योग्यता के लिए भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा।

(छ) **अधिवास प्रमाण-पत्र संबन्धित गलत सूचना देने पर, भर्ती के किसी भी चरण में, प्रशिक्षण और उसके बाद भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

(ज) **आवेदन प्रक्रिया के दौरान जमा किए गए विवरणों में सुधार के लिए उम्मीदवारों को आवेदन विंडो बंद होने के बाद 03 दिनों की विंडो प्रदान की जाएगी। INET परीक्षा के बाद 02 दिनों की अवधि के लिए एक अतिरिक्त सुधार विंडो सक्रिय की जाएगी। इसके बाद किसी भी सुधार/संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(झ) आवेदन प्रक्रिया के दौरान एन सी सी प्रमाण पत्रों और तस्वीरों सहित दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। नकली दस्तावेज या गलत विवरण घोषित करने वाले उम्मीदवार अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होंगे।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – 10 APR 2025 (17:00 HRS)**

**चेतावनी**

**दलालों/ धोखेबाजों/ असामाजिक तत्वों से सावधान**

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति, अभ्यर्थी को भर्ती करवाने का वादा कर सकता है और इसी बहाने वो पैसा भी वसूल सकता है। **हम यह दावे के साथ कहना चाहेंगे कि ऐसा कुछ भी संभव नहीं है। दलालों के किसी भी तरह से उत्पीडन करने पर एफआईआर दायर करें और पुलिस से संपर्क करें।** सभी आवेदको को नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा कॉल-अप-लैटर और प्रवेश-पत्र जारी किये जाते है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक स्वस्थता जांच और डॉक्टरी जांच नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा नामित की गई विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा की जाती है। किसी दलाल के झांसे में आने से पहले अच्छी तरह सोचें। यदि आप सोचते है कि गैर-कानूनी ढंग से काम करायें जा सकते है तो आपको कुछ भी हासिल नहीं होगा। आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक की तरह आचरण करें और अनुचित साधनों का प्रयोग करने से बचें। **नौसेना में भर्ती पूर्णतः न्यायपूर्ण है।**

**अस्वीकरण**

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं और बिना किसी सूचना के परिवर्तन के अधीन हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी संशोधित आदेश जो समय-समय पर बदलते रहते हैं, चयनित उम्मीदवार पर लागू होंगे।

ऑनलाइन आवेदन के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें।

जनशक्ति नियोजन एवं भर्ती निदेशालय

# भारतीय नौसेना अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों से अग्निवीर (एस एस आर) - 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है

WWW.JOININDIANNAVY.GOV.IN

**COMBAT READY, CREDIBILE, COHESIVE AND FUTURE READY FORCE**

## पात्रता शर्तें

1. अग्निवीर (एस एस आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच के लिए अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और व्यापक नियम और शर्तें नीचे दी गई हैं। पुरुष और महिला के लिए ट्रेडवार रिक्तियों का वितरण सेवा आवश्यकता के आधार पर तय किया जाएगा।

2. **शैक्षणिक योग्यताएं**. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से गणित और भौतिकी के साथ 10+2 में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण।

या

केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / ऑटोमोबाइल / कंप्यूटर साइंस / इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी / सूचना प्रौद्योगिकी) में कुल 50% अंकों के साथ तीन साल का डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण।

या

केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से गैर-व्यावसायिक विषय अर्थात भौतिकी और गणित के साथ कुल 50% अंकों के साथ दो साल का व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया।

<u>नोट</u>: शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। हालाँकि, ऐसे उम्मीदवारों का चयन केवल तभी किया जाएगा जब वे भर्ती प्रक्रिया के बाद के चरणों के दौरान मूल मार्कशीट प्रस्तुत करेंगे (मार्कशीट की इंटरनेट कॉपी स्वीकार्य नहीं है) भर्ती के लिए पात्र होने के लिए संबंधित श्रेणी के लिए कुल मिलाकर और साथ ही व्यक्तिगत विषयों में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करने चाहिए।

3. **आयु**.
(क) **अग्निवीर 02/2025 बैच**: उम्मीदवार का जन्म 01 सितम्बर 2004 – 29 फ़रवरी 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

(ख) **अग्निवीर 01/2026 बैच**: उम्मीदवार का जन्म 01 फ़रवरी 2005 - 31 जुलाई 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

(ग) **अग्निवीर 02/2026 बैच**: उम्मीदवार का जन्म 01 जुलाई 2005 - 31 दिसम्बर 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

**ध्यान दें**:- 01 सितम्बर 2004 - 31 दिसम्बर 2008 के बीच पैदा हुए उम्मीदवार INET 2025 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। उम्मीदवार ऊपर दिखाए गए आयु मानदंड के अनुसार संबंधित बैच की स्टेज II भर्ती प्रक्रिया के पात्र होंगे।

4. **वैवाहिक स्थिति**. केवल अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवार ही भारतीय नौसेना में अग्निवीर के रूप में नामांकन के लिए पात्र हैं। नामांकन के समय उम्मीदवारों को 'अविवाहित' होने का प्रमाण पत्र देना होगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में अपने पूरे चार साल के कार्यकाल के दौरान शादी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार अपने कार्यकाल के दौरान शादी करता है या अविवाहित होने का प्रमाण पत्र देने के बावजूद पहले से ही शादीशुदा पाया जाता है तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## नियम एवं शर्तें

5. **सेवा की अवधि**. अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में 'नौसेना अधिनियम 1957' के तहत चार साल की अवधि के लिए भर्ती किया जाएगा। अग्निवीरों की रैंक मौजूदा रैंकों से अलग होगी और भारतीय नौसेना में सबसे जूनियर रैंक होगी।भारतीय नौसेना चार साल की नियुक्ति के बाद अग्निवीरों को सेवा में रखने के लिए बाध्य नहीं है।

6. **अवकाश**. अग्निवीरों के लिए प्रतिवर्ष 30 दिन का अवकाश लागू होगा इसके अतिरिक्त सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकत्सीय सलाह के आधार पर चिकित्सा अवकाश लागू होगा।

7. **वेतन भत्ते एवं संबद्ध लाभ**. अग्निवीरों को एक निश्चित वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ रुपये 30,000/- प्रतिमाह के पैकेज का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा जोखिम, कठिनाई, पोशाक और यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

8. **सेवा निधि**. सेवा की अवधि पूरी होने पर अग्निवीरों को वन टाइम सेवानिधि पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनके मासिक योगदान के साथ साथ सरकार द्वारा समान योगदान शामिल होगा, जैसा की नीचे दर्शाया गया है: -

| साल | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70 %) | अग्निवीर कॉर्पस फ़ंड में योगदान (30%) | सरकार द्वारा कॉर्पस फ़ंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| | सभी आंकड़े रुपये में (मासिक अंशदान) | | | |
| पहला वर्ष | 30000 | 21000 | 9000 | 9000 |
| दूसरा वर्ष | 33000 | 23100 | 9900 | 9900 |
| तीसरा वर्ष | 36500 | 25550 | 10950 | 10950 |
| चौथा वर्ष | 40000 | 28000 | 12000 | 12000 |
| कुल अग्निवीर कॉर्पस | | | **5.02 लाख** | **5.02 लाख** |

**ध्यान दें. अग्निवीर ग्रेच्युटी और पेंशन संबंधी लाभों का हकदार नहीं होगा।**

9. **जीवन बीमा**. अग्निवीरों को सेवा के दौरान 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा प्रदान किया जाएगा।

10. **मृत्यु मुआवजा**. रुपये 48 लाख के जीवन बीमा के अतिरिक्त अग्निवीर की सेवा करते हुये मृत्यु होने पर 44 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर के वारिश को प्रदान की जाएगी।

11. **दिव्यांगता मुआवजा**. 100/75/50 प्रतिशत दिव्यांगता के लिए क्रमशः 44/25/15 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर को प्रदान की जाएगी।

<u>नोट</u>. मृत्यु/ दिव्यांगता मुआवजा के बारे में अधिक जानकारी के लिए भारतीय नौसेना की आधिकारिक वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in देखें।

12. **नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकन**. चार साल की सेवा अवधि पूर्ण करने पर संगठन की आवश्यकताओ और भारतीय नौसेना द्वारा स्थापित नीतियों के आधार पर अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इन आवेदनों पर अग्निवीरों की चार साल की नियुक्ति अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर आवेदनों पर केन्द्रीकृत तरीके से विचार किया जाएगा और नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में आगे की पुनः नियुक्ति के लिए प्रत्येक विशिष्ट बैच के अग्निवीरों में से 25% तक को ही नौसनिक (रेगुलर कैडर) के रूप मे नामांकित किया जाएगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना के रेगुलर कैडर में नामांकन के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। रेगुलर कैडर में नामांकन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

13. **नौसेना पेंशन विनियम/ ग्रेच्युटी**. अग्निवीर नौसेना पेंशन विनियमों/नियमों (समय समय पर संशोधित) के प्रावधानों में शामिल नहीं होंगे इसके अतिरिक्त अग्निवीर नियुक्ति की अवधि के लिए ग्रेच्युटी के हकदार नहीं होंगे।

14. **स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति**. अग्निवीरों को सेवा अवधि पूरी होने से पहले स्वताअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ अपवादात्मक मामलों में, इस योजना के तहत नामांकित अग्निवीरों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा स्वीकृत किए जाने पर सेवा से बाहर किया जा सकता है।

15. **भूतपूर्व सैनिक दर्जा**. अग्निवीर भूतपूर्व सैनिक दर्जे के पात्र नहीं होंगे।

16. **चिकित्सा और सी एस डी सुविधाएं**. अग्निवीर, नियुक्ति अवधि के दौरान सर्विस अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ सी एस डी प्रावधानों के भी हकदार होंगे।

## चयन प्रक्रिया

17. **चयन प्रक्रिया** स्टेज- I INET 2025 परीक्षा मई 2025 को आयोजित की जाएगी। स्टेज I - INET में प्राप्त अंकों के आधार पर, उम्मीदवारों को अग्निवीर (SSR) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 के चरण II के लिए अलग से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। भर्ती के लिए अस्थायी समय-सीमा इस प्रकार है:-

| भर्ती गतिविधियाँ | संभावित समयसीमा |
|---|---|
| **स्टेज I - INET 2025** | |
| अग्निवीर चरण I (INET) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 के लिए आवेदन विंडो | 29 Mar – 10 Apr 25 |
| सुधार विंडो | 14 – 16 Apr 25 |
| स्टेज I – INET | May 25 |
| चरण I – INET के परिणाम की घोषणा | May 25 |
| चरण II - अग्निवीर 02/2025 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Jun 25 |
| अग्निवीर 02/2025 के लिए चरण II | Jul 25 |
| अग्निवीर 02/2025 के लिए चिल्का में प्रेरण | Sep 25 |
| चरण II - अग्निवीर 01/2026 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Oct 25 |
| अग्निवीर 01/2026 के लिए चरण II | Nov/ Dec 25 |
| अग्निवीर 01/2026 के लिए चिल्का में प्रेरण | Feb 26 |
| चरण II - अग्निवीर 02/2026 | |
| शॉर्टलिस्टिंग और कॉल लेटर जारी करना | Mar 26 |
| अग्निवीर 02/2026 के लिए चरण II | May 26 |
| अग्निवीर 02/2026 के लिए चिल्का में प्रेरण | Jul 26 |

**ध्यान दें**: उपर्युक्त तिथियां अस्थायी हैं और प्रत्येक गतिविधि की सटीक तिथियां उम्मीदवार के पंजीकरण पोर्टल पर घोषित की जाएंगी।

## प्रथम चरण (आई एन ई टी - कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा)

18. **कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा**

(क) प्रश्नपत्र कंप्यूटर आधारित होगा जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।
(ख) प्रश्न-पत्र द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय) का होगा।
(ग) प्रश्न-पत्र में चार खंड होंगे अर्थात अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता।
(घ) प्रश्न-पत्र '10+2' स्तर का होगा और प्रश्न पत्र का प्रारूप वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in पर उपलब्ध है।
(ङ) प्रश्न-पत्र की अवधि एक घंटे की होगी।
(च) उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के सभी अनुभाग में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रत्येक अनुभाग में और कुल उत्तीर्ण अंक भारतीय नौसेना द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।
(छ) <u>गलत उत्तर के लिए दंड</u>. उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए जुर्माना (नकारात्मक अंकन) होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प हैं जिनमें से केवल एक ही सही विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न जिसके लिए उम्मीदवार द्वारा गलत उत्तर दिया गया है, उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों में से एक चौथाई (0.25) अंक दंड के रूप मे काट लिया जाएगा।
(ज) कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा 'आई.एन ई टी' के लिए परीक्षा केंद्र का आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।
(झ) **भारतीय नौसेना किसी विषम परिस्थिति में INET परीक्षा आयोजित न होने और/या सर्विस की आवश्यकता के अनुसार योग्यता परीक्षा (12वीं/10वीं बोर्ड परीक्षा) में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।**

19. **परीक्षा शुल्क**. परीक्षा शुल्क रु. 550/- (केवल पांच सौ पचास रुपये) और 18% जीएसटी का भुगतान उम्मीदवार को चरण I - INET आवेदन के दौरान ऑनलाइन मोड के माध्यम से नेट बैंकिंग का उपयोग करके या वीज़ा / मास्टर / रूपे क्रेडिट / डेबिट कार्ड / यूपीआई का उपयोग करके करना होगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जिन्होंने सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है।
**ध्यान दें**:-(क) एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जाएगा।
(ख) एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी और ऐसे मामलों मे परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।
(ग) यदि आपने परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया है और आपके खाते से बिना बुलावा पत्र जारी हुये पैसे काट लिए गए हैं (यानि असफल भुगतान), तो कृपया अपने खाते में पैसे की स्वचालित वापसी के लिए 7 कार्य दिवस तक प्रतीक्षा कीजिये।
(घ) शुल्क केवल चरण I-INET आवेदन के दौरान लिया जाएगा। स्टेज II प्रक्रिया के लिए कोई अलग शुल्क नहीं होगा।

## द्वितीय चरण (शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा)

20. **स्टेज I – INET परिणाम**. चरण I - INET 2025 (उत्तीर्ण/असफल) के परिणाम उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के साथ उम्मीदवार के ऑनलाइन डैशबोर्ड https://joinndiannavy.gov.in पर अपलोड किए जाएंगे।

21. **शॉर्टलिस्टिंग**. अग्निवीर (एस एस आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 बैच (ऊपर पैरा 3 में उल्लिखित आयु मानदंड के अनुसार) के चरण II प्रक्रिया के पात्र उम्मीदवारों को चरण I – आई.एन.ई.टी. 2025 में प्राप्त अंको के आधार पर संबंधित बैच के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्टिंग राज्यवार की जाएगी। चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट-ऑफ अंक अलग-अलग राज्यों में भिन्न हो सकते हैं क्योंकि रिक्तियों को राज्य-वार तरीके से आवंटित किया गया है।
**<u>ध्यान दें</u>:- ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की सख्या रिक्तियों से अधिक होगी तो शोर्टलिस्टिंग को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचे हैं) को प्राथमिकता दी जाएगी।**

22. **स्पॉन्सर उम्मीदवार और एन सी सी "सी" प्रमाण पत्र धारक**. स्पॉन्सर उम्मीदवारों और एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्र धारकों को चरण I आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने मूल प्रमाणपत्र अपलोड करने की आवश्यकता होगी। स्पॉन्सर प्रमाणपत्रों का सत्यापन CABS के माध्यम से किया जाएगा और एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्रों का सत्यापन डीजी एन सी सी के माध्यम से किया जाएगा। **सत्यापित उम्मीदवारों को स्टेज I - INET परीक्षा से छूट दी जाएगी और उन्हें INET परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इन उम्मीदवारों को पात्रता के आधार पर चरण II भर्ती प्रक्रिया के लिए सीधे कॉल-अप जारी किया जाएगा।** इसके अलावा, मूल स्पॉन्सर /एन सी सी 'सी' प्रमाणपत्र को भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सत्यापित किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण के दौरान कोई विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**<u>ध्यान दें</u>: - आवेदन प्रक्रिया के दौरान प्रोविज़नल प्रमाण पत्र या कोई अन्य अनधिकृत दस्तावेज जमा करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

23. **शारीरिक मापदंड**. चयन के लिए शारीरिक दक्षता जांच (पी एफ टी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार अपने जोखिम पर पी एफ टी में सम्मिलित होंगे। शारीरिक दक्षता मानक इस प्रकार हैं :-

| लिंग | 1.6 किमी दौड़ | उठक बैठक | पुश अप | शिट-अप (घुटने मोड़कर) |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 6 मिनट 30 सेकेंड | 20 | 15 | 15 |
| महिला | 8 मिनट | 15 | 10 | 10 |

**सलाह**:- खेल, तैराकी और पाठ्येतर गतिविधियों में प्रवीणता वांछनीय है।

24. **चरण ॥ - लिखित परीक्षा** चरण ॥ की लिखित परीक्षा केवल उन उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी जो पी.एफ.टी में उत्तीर्ण होंगे। चरण ॥ लिखित परीक्षा का विवरण इस प्रकार है:-

(क) प्रश्न पत्र में 01 अंक के 100 प्रश्न होंगे।
(ख) प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) और वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय) होगा।
(ग) प्रश्न पत्र में चार खंड शामिल होंगे यानी अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता।
(घ) प्रश्न पत्र का मानक 10+2 का होगा। परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम और नमूना पत्र वेबसाइट https://joinndiannavy.gov.in पर उपलब्ध हैं।
(ङ) परीक्षा की अवधि एक घंटा होगी।
(च) उम्मीदवारों को सभी वर्गों के साथ-साथ कुल मिलाकर उत्तीर्ण होना आवश्यक है। भारतीय नौसेना प्रत्येक अनुभाग और समग्र में उत्तीर्ण अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
(छ) चरण ॥ परीक्षा के लिए केंद्र आवंटन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

25. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का भर्ती चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। भर्ती चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चयन सूची के लिए योग्य माना जाएगा। **वे उम्मीदवार जो भर्ती चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाये जाते है, यदि वे चाहें तो अधिकतम 05 दिनों के भीतर भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित सैन्य अस्पताल में इसके निष्कर्षों की समीक्षा के लिए अपील कर सकते हैं। नामित सैन्य अस्पतालों (भारतीय नौसेना द्वारा आंवटित) के अलावा अन्य अस्पतालों द्वारा जारी चिकित्सा दक्षता प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

26. **प्रोविज़नल चयन सूची**. प्रोविज़नल चयन सूची दूसरे चरण की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, बशर्ते उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। अग्निवीर (एस एस आर) – पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए चयन सूची राज्यवार तरीके से बनाई जाएगी। **अग्निवीर (एस एस आर) भर्ती के लिये चिल्का में होने वाले भर्ती चिकित्सा परीक्षा के लिये कट ऑफ अंक विभिन्न राज्यों के लिए अलग अलग हो सकते हैं।** परिणाम वैबसाइट https://joinindiannavy.gov.in में उम्मीदवार के डेशबोर्ड पर जारी किए जाएंगे।

ध्यान दें: (क) अग्निवीर (एस एस आर) 02/2025, 01/2026 और 02/2026 के लिए चरण ॥ प्रकिया और प्रोविज़नल चयन सूची अलग अलग होगी। जो अभ्यर्थी किसी एक बैच में चयनित नहीं हुए हैं वे किसी अग्रिम बैच मे चयन के लिए स्वचालित रूप से दावा नहीं कर सकते हैं।
(ख) ऐसे मामलों में जहां समान प्रतिशत अंक पाने वाले उम्मीदवारों की सख्या रिक्तियों से अधिक होगी तो शॉर्टलिस्टिंग को जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा, यानी ऐसे उम्मीदवारों जिनकी जन्म तिथि पहले की है (जिनके पास भर्ती के कम मौके बचे हैं) को प्राथमिकता दी जाएगी।

27. **अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा भा.नौ.पो. चिल्का में आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए उम्मीदवार को अंतिम चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अंतिम भर्ती चिकित्सा में उत्तीर्ण ना होने वाले उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

28. **चिकित्सा मानक**.

(क) वर्तमान भर्ती प्रक्रिया के लिए निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार अधिकृत सैन्य डाक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी।
(ख) **लिंग**. यदि किसी भी उम्मीदवार में शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के लक्षण पाये जाते हैं, तो उसे अयोग्य घोषित करके उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे किसी भी उम्मीदवार, जिसने लिंग-पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराई हो, को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
(ग) **गर्भावस्था**. यदि कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पायी जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी उम्मीदवार को रिपोर्टिंग के समय या चार साल के कार्यकाल के समापन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए। यदि उम्मीद्वार चार साल के कार्यकाल के दौरान गर्भवती पायी जाती है तो बर्खास्तगी/ निस्कासन के लिए उपयुक्त कारवाई की जाएगी
(घ) **न्यूनतम लम्बाई मानक. न्यूनतम लम्बाई पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 157 से.मी. है ।**
(ङ) **टैटू**. स्थायी टैटू केवल कोहनी से नीचे अंदर की तरफ होने चाहिए जैसे कोहनी से मुट्ठी तक अंदर की तरफ और हथेली के पीछे। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और आवेदक को भर्ती में शामिल नही किया जाएगा।
(च) उम्मीदवार अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में होना चाहिए और ऐसी किसी बीमारी/ अपंगता से मुक्त होना चाहिए जिससे, शांति और युद्ध दोनों समय में तट पर तथा समुद्र मे कर्तव्य के सफल निष्पादन पर हस्तक्षेप करती हो।

ध्यान दें:- (क) **अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले अपने कानों की वैक्स और दाँतों से टार्टर साफ करके आयें।**
(ख) विभिन्न क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए **लम्बाई में छूट** संबंधित नियम वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in पर उपलब्ध हैं।

29. **दृष्टि मानक.**

| असंशोधित दृष्टि | सही दृष्टि | रंग धारणा |
|---|---|---|
| 6/12, 6/12 | 6/6, 6/6 | CP PASS |

**प्रशिक्षण**

30. **प्रशिक्षण**. पाठ्यक्रम के लिये प्रशिक्षण अस्थाई रुप से 02/25 बैच के लिए सितम्बर 2025, 01/26 बैच के लिए फरवरी 2026 और 02/26 बैच के लिए जुलाई 2026 में भा.नौ.पो. चिल्का, उड़ीशा में प्रारम्भ होगा।

31. **अनुपयुक्त होने पर निकाला जाना**. अग्निवीरों को प्रशिक्षण और सर्विस के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक प्रदर्शन/ कार्य करने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

**सामान्य**

32. आवेदन केवल वेबसाइट **https://joinindiannavy.gov.in** पर ऑनलाइन भरे जाएंगे और सभी आवश्यक दस्तावेजों (मूल रूप में) को स्कैन करके अपलोड करना होगा। चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी:-

(क) भारतीय नौसेना प्रवेश परीक्षा (INET) के लिए उम्मीदवारों को तीन शहरों को प्राथमिकता देनी होगी। प्रशासनिक कारणों को देखते हुए उम्मीदवारों को कोई अन्य स्थान आवंटित किया जा सकता है। उम्मीदवार द्वारा चयनित या भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित किए जाने के बाद केंद्र की पसंद को बदला नहीं जा सकता है
(ख) स्टेज I - INET 2025 के लिए कॉल अप लेटर कम एडमिट कार्ड, ऑनलाइन परीक्षा से लगभग एक सप्ताह पहले वेबसाइट https://join Indiannavy.gov.in से डाउनलोड करना होगा। **कोई कॉल-अप लेटर सह एडमिट कार्ड डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।**
(ग) उम्मीदवारों से संपर्क करते समय संचार के केवल इलेक्ट्रोनिक माध्यम का उपयोग किया जाएगा और भर्ती के किसी भी चरण में डाक द्वारा कोई दस्तावेज़ नहीं भेजा जाएगा।
(घ) आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये **सत्यापित दस्तावेज़ (मूल प्रमाण-पत्र, अंक पत्र, निवास प्रमाण- पत्र, एन सी सी प्रमाणपत्र (अगर है तो))** की मूल प्रतियाँ परीक्षा के हर चरण मे साथ लाने की जरूरत होगी। भर्ती के हर चरण में जैसे कि विभिन्न केन्द्रो पर लिखित परीक्षा/ पीएफटी और भर्ती चिकित्सा परीक्षा और भा.नौ.पो. चिल्का में भर्ती के समय सभी दस्तावेजों को सत्यापित किया जायेगा। **यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिये गये विवरण, भर्ती के किसी भी स्तर पर मूल दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवार की पात्रता निरस्त कर दी जायेगी।**
(ङ) **चेतावनी. अधिवास प्रमाण-पत्र/ लिंग और अन्य विवरण गलत घोषित करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**
(च) यदि उम्मीदवार कॉल लेटर में उल्लिखित तिथि और समय पर रिपोर्ट करने में विफल रहते है तो उम्मीदवार का चयन रद्द कर दिया जाएगा और भारतीय नौसेना में नामांकन के लिए उसका कोई दावा नहीं होगा। **चरण I - INET के लिए रिपोर्टिंग समय के 30 मिनट बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
(छ) किसी एक बैच से संबंधित उम्मीदवार का चयन केवल उसी बैच के लिए मान्य है। योग्य उम्मीदवार जिनका नाम मेरिट सूची में नहीं है, वे अगले बैच के लिए प्रवेश का दावा नहीं कर सकते।
(ज) सभी चयनित उम्मीदवारों को आई एन एस चिल्का में सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ ऑनलाइन आवेदन भरते समय जमा किए गए स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि ऑनलाइन आवेदन के दौरान दिए गए विवरण आई एन एस चिल्का में प्रस्तुत मूल प्रमाणपत्रों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
(झ) सभी चयनित उम्मीदवारों को आई एन एस चिल्का में भर्ती के लिए कॉल-अप लेटर के साथ पुलिस सत्यापन फॉर्म और अन्य संबंधित फॉर्म डाउनलोड करने होंगे। उम्मीदवारों को अपने संबंधित क्षेत्राधिकार के पुलिस अधीक्षक से पुलिस सत्यापन फॉर्म / ऑनलाइन पुलिस सत्यापन फॉर्म पर अपने पूर्ववृत्त को सत्यापित करने के बाद इसे आई एन एस चिल्का में जमा करना होगा। उम्मीदवारों के पास निवास स्थान या निवास स्थान से पुलिस सत्यापन फॉर्म होना चाहिए। **सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्ट और प्रतिकूल टिप्पणियों वाली रिपोर्ट के बिना उम्मीदवार नामांकन के लिए पात्र नहीं होंगे।** पुलिस सत्यापन फॉर्म का प्रारूप वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
(ञ) संबंधित बैच के लिए भर्ती चक्र पूरा होने के छह महीने की अवधि के बाद इस भर्ती/नामांकन के संबंध में किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें**

33. **अग्निवीर 02/2025, 01/2026 और 01/2026 बैच के लिए उम्मीदवार 29 मार्च (00:01 बजे) से 10 अप्रैल 2025 (17:00 बजे) तक केवल वेबसाइट https://joinindiannavy.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। किसी भी स्तर पर पहचाने गए उम्मीदवारों द्वारा जानकारी की गलत घोषणा के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आवेदन देश भर के कॉमन सर्विस सेंटर (सी एस सी) से अपलोड किया जा सकता है, शुल्क 60 रुपये + जी एस टी। यह सुविधा पूरी तरह से वैकल्पिक है।**

34. **फ़ोटोग्राफ**.

(क) पासपोर्ट आकार का हालिया रंगीन फोटोग्राफ (Mar 25 से पहले नहीं लिया गया हो) 10 के बी से 50 के बी साइज़ तक तथा बिना सर ढके (सिखों के अतिरिक्त) हल्की पृष्ठभूमि में सामने का चित्र होना चाहिए। उम्मीदवार को अपने सीने के सामने एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर उम्मीदवार का पूरा नाम औए फोटो लेने की तारीख स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में सफ़ेद चाक से लिखी होनी चाहिए। अपलोड की गयी फोटोग्राफ की तुलना में उम्मीदवार की उपस्थिती में परिवर्तन जैसे कि बढ़ती हुई दाढ़ी, सर पर टोपी आदि होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(ख) आवेदन पत्र भरने के दौरान वेबकैम के माध्यम से लाइव फोटो खींची जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की वे आवेदन पत्र भरते समय अच्छी गुणवत्ता वाले फ़ोटो खींचे। जो फ़ोटो स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देंगे जैसे कि धुंधले, काली छाया इत्यादि दिखाई देगी तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

35. **आवश्यक सूचना**.

(क) परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी अन्य संचार उपकरणों की अनुमति नही है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमें भविष्य की परीक्षा से प्रतिबंध शामिल होगा।
(ख) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।
(ग) किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में आज्ञा की अवहेलना और गलत व्यवहार नहीं करना है ।
(घ) ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र का चयन का निर्णय सावधानी पूर्वक करना चाहिए।
(ङ) अभ्यर्थियों को एक से अधिक आवेदन जमा नहीं करने चाहिए। यदि किसी अभ्यर्थी का एक से अधिक आवेदन प्राप्त होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
(च) भर्ती के प्रत्येक चरण में उम्मीदवार की पात्रता या अन्यथा के संबंध में भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा।
(छ) **निवास प्रमाण पत्र के बारे में गलत जानकारी के परिणामस्वरूप भर्ती, प्रशिक्षण और उसके बाद किसी भी चरण में उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**
(ज) **आवेदन प्रक्रिया के दौरान जमा किए गए विवरणों में सुधार के लिए उम्मीदवारों को आवेदन विंडो बंद होने के बाद 03 दिनों की विंडो प्रदान की जाएगी। INET परीक्षा के बाद 02 दिनों की अवधि के लिए एक अतिरिक्त सुधार विंडो सक्रिय की जाएगी। इसके बाद किसी भी सुधार/संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा।**
(झ) आवेदन प्रक्रिया के दौरान एनसीसी प्रमाणपत्रों और तस्वीरों सहित दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। नकली दस्तावेज़ और/या गलत विवरण घोषित करने वाले उम्मीदवार अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होंगे।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – 10 APR 2025 (17:00 बजे)**

**चेतावनी**
**एजेंटों/धोखेबाज़ों/दलालों/असामाजिक तत्वों से सावधान रहें/**

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध का दावा करने वाले व्यक्ति किसी उम्मीदवार को भर्ती कराने का वादा कर सकते हैं और उस बहाने धन इकट्ठा कर सकते हैं। हम यह कहना चाहेंगे कि ऐसा संभव नहीं है। दलालों द्वारा किसी भी उत्पीड़न के मामले में पुलिस से संपर्क करें और एफआईआर दर्ज करें। सभी लघु-सूचीबद्ध आवेदकों को कॉल-अप लेटर सह प्रवेश पत्र जारी किया जाता है। किसी भी एजेंट के वादों के आगे झुकने से पहले दो बार सोचें! यदि आप सोचते हैं कि आप गैरकानूनी तरीके से काम करवा सकते हैं, तो आपका नुकसान निश्चित है! आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में आचरण करें और अनुचित साधनों का उपयोग करने से बचें।

**अस्वीकरण**

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं और बिना किसी सूचना के परिवर्तन के अधीन हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी संशोधित आदेश जो समय-समय पर बदलते रहते हैं, चयनित उम्मीदवार पर लागू होंगे।

ऑनलाइन आवेदन के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें।

# जनशक्ति नियोजन एवं भर्ती निदेशालय

## एम.पी. इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, टी.व्ही. टावर के पास, उद्योग भवन कटंगा जबलपुर (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-एमपी आई.डी.सी./क्षे.का.ज./तक./2025/55 जबलपुर, दिनांक : 03.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पोर्टल **mptenders.gov.in**-MPIDC RO Jabalpur के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | बयाना राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य की राशि | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| औद्योगिक क्षेत्र अमकुही, जिला कटनी में हाईमास्ट लगाने तथा स्ट्रीट लाइट संचालन एवं संधारण का कार्य। | रु. 51 हजार | रु. 5900.00 जी.एस.टी. सहित | रु. 25.09 लाख जी.एस.टी. अतिरिक्त | 6 माह एवं 5 वर्ष संचालन एवं संधारण अवधि |

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। टेंडर डाक्यूमेंट उपरोक्त ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल **mptenders.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड व क्रय किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119528/2025 R-50770/2025 **कार्यकारी संचालक**

## एम.पी. इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, टी.व्ही. टावर के पास, उद्योग भवन कटंगा जबलपुर (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-एमपी आई.डी.सी./क्षे.का.ज./तक./2025/61 जबलपुर, दिनांक : 03.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पोर्टल **mptenders.gov.in**-MPIDC RO Jabalpur के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | बयाना राशि रु. लाख में | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य की राशि | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| औद्योगिक क्षेत्र अमकुही, जिला कटनी में उन्नयनीकरण के अंतर्गत नाली निर्माण एवं स्थल कार्यालय से संबंधित कार्य। | रु. 2.16 | रु. 17700.00 जी.एस.टी. सहित | रु. 216. 00 लाख जी.एस.टी. अतिरिक्त | 06 माह |

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने, निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। टेंडर डाक्यूमेंट उपरोक्त ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल **mptenders.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड व क्रय किये जा सकते हैं।

म.प्र.माध्यम/119529/2025 R-50771/2025 **कार्यकारी संचालक**

## हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कॅरियर काउंसलिंग की सुविधा

**भोपाल,** प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये कॅरियर काउंसलिंग एवं गाईडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ कॅरियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है।

ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और कॅरियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

### NOTICE INVITING TENDER No. 339/MTN/2025

**No./4134/22/D-12/NIT-Maint./2025** **Bhopal, Dated : 04.04.2025**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Name of Work -** REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 2 | 19277854.00 |
| 2 | Alirajpur | 1 | 7295737.00 |
| 3 | Ashoknagar | 5 | 71782234.00 |
| 4 | Balaghat | 2 | 16983645.00 |
| 5 | Barwani | 2 | 39693356.00 |
| 6 | Betul | 1 | 3000806.00 |
| 7 | Bhind | 1 | 1948342.00 |
| 8 | Bhopal | 1 | 20616163.00 |
| 9 | Burhanpur | 2 | 24519371.00 |
| 10 | Chhatarpur | 1 | 10494436.00 |
| 11 | Chhindwara | 3 | 44425903.00 |
| 12 | Dewas | 2 | 32336268.00 |
| 13 | Dhar | 1 | 47319485.00 |
| 14 | Dindori | 2 | 19840569.00 |
| 15 | Guna | 5 | 83151274.00 |
| 16 | Harda | 1 | 11597863.00 |
| 17 | Jabalpur | 2 | 26389567.00 |
| 18 | Mandla | 4 | 108686987.00 |
| 19 | Mandsaur | 4 | 114755071.00 |
| 20 | Morena | 2 | 71992858.00 |
| 21 | Narmadapuram | 1 | 24963620.00 |
| 22 | Panna | 5 | 87301441.00 |
| 23 | Raisen | 2 | 55897290.00 |
| 24 | Rajgarh | 3 | 45165321.00 |
| 25 | Rewa | 1 | 10494701.00 |
| 26 | Sagar | 1 | 5335263.00 |
| 27 | Satna | 1 | 17655457.00 |
| 28 | Seoni | 6 | 107025082.00 |
| 29 | Shivpuri | 2 | 47623181.00 |
| 30 | Tikamgarh | 3 | 79243582.00 |
| 31 | Ujjain | 1 | 19575088.00 |
| 32 | Vidisha | 9 | 225043807.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 11.04.2025 from 17:30 hrs. and last date for online bid submission is **05.05.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (Tender)**

M.P. Madhyam/119530/2025

**"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

R-50772/2025

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03**
**भोपाल-462003, Mobile No. : 9425601545**
**ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com**
**क्र.-मप्रपुआअविनि/357/पयं/भोपाल-03/तशा/2025**
**भोपाल, दिनांक : 02.04.2025**

### प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला नर्मदापुरम स्कूल पालनपुर, स्कूल ग्वालटोली एवं जिला सीहोर स्कूल सरदार नगर, में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक-**02/2025-26** ऑनलाइन निविदा क्रमांक-**413816, 413817, 413818, 413819** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-11.04.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119498/2025 R-50775/2025 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03**
**भोपाल-462003, Mobile No. : 9425601545**
**ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com**
**क्र.-मप्रपुआअविनि/355/पयं/भोपाल-03/तशा/2025**
**भोपाल, दिनांक : 02.04.2025**

### प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत शा.उ.मा.वि.सुहागपुर जिला नर्मदापुरम एवं हाईस्कूल चिरचिटा जिला सागर व हाईस्कूल गोढ़ी गुराडियास जिला सीहोर में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-**01/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-413809, 413812, 413813** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-17.04.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119497/2025 R-50762/2025 **परियोजना यंत्री**

## VIKRANT GROUP OF INSTITUTIONS INDORE

Behind Veterinary College, A.B. Road Borakhedi, Mhow (Indore)
Call: 9131089055, 8889995933, Mail : info@vitmindore.com

### APPOINTMENTS

**RECRUITMENT FOR FACULTY POSITION**

**DIRECTOR, PRINCIPAL, PROFESSOR, LIBRARIAN ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSOR**

for the Department of Engineering, Pharmacy and Management are required immediately in the department of **CS/ CE/ ME/ EC/ EX/ FT/ MATHS and BBA / BCA/ B.Com/ MBA / Pharmacy**

Interested candidates may send their applications on the above address. A soft copy on mail will be acceptable. Last date of receipt of application is **10th April, 2025.**

The recruitment will be as per provisions of para 21(1) of statue no college **CODE 30** as per RGPV and College **CODE 28** as per DAVV

**ELIGIBILITY AS per AICTE/ UGC NORMS**

-Principal R-50764/2025

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

**राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.)**
ई-मेलः- eervskvv@gmail.com फोनः 0751-2467680

क्र./जनसं/का.यं./2025/4779 दिनांक : 29-03-2025

### // प्रेस विज्ञप्ति //

निविदा सूचना No./E.E./2025/Gwalior/4479 date 29-03-2025 रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर के अंतर्गत सिविल कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा Const. of Girls Hostel at COA Indore (2025_RVSKV_413134_1) आमंत्रित की गई है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि 21.04.2025 को सायं 05:30 तक है। विस्तृत निविदा सूचना वि.वि. वेबसाइट एवं पोर्टल **https:www.mptenders.gov.in** पर देखें जा सकते हैं।

R-50766/2025 **कार्यपालन यंत्री, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर**

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**होशंगाबाद रोड, भोपाल**

### पी-एच.डी. प्रवेश प्रक्रिया (सत्र 2024-2025)

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024-25 हेतु पी-एच.डी. प्रवेश प्रक्रिया यू.जी.सी. के पत्र क्र. F.3-1(UGC-NET Review committe) 2024 (NET)/140648 दिनांक 27.03.2024 के अनुसार दिनांक 05.04.2025 से आरंभ किये जा रहे हैं।

इच्छुक छात्र प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित समस्त विवरण एवं जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** का अवलोकन करें।

म.प्र. माध्यम/119531/2025 R-50773/2025 **कुलसचिव**

## MAHARANA PRATAP COLLEGE, BHOPAL

**(Approved by NCTE & MP Govt & Affiliated to Barkatullah University Bhopal).**
**Phone: 7049813180, Email: mpcbhopal520@gmail.com**

**REQUIRED**

MPC is one of the best and fastest transforming institutes of central India. Applications are invited from eligible candidates for requirement under college code 28 for below mentioned position.

### ASSISTANT PROFESSOR FOR HEALTH & PHYSICAL EDUCATION - 02 POST

**Qualifications, Experience and salary as per norms.** The number of vacancies is subject to change and Institute reserves full rights for it. Interested candidates may apply along with CV, testimonials and four recent passport size photographs to Chairman **"Maharana Pratap College, A-6 Vidya Nagar Opposite Barkatullah University Bhopal - 462024 or email: mpcbhopal520@gmail.com and share on whatsapp No.-7049813180** within 15 days

**- Chairman**

R-50765/2025

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)**
**मो. नं. : 9425601556, 9340714903**

### प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत निर्माण कार्य अर्द्धशहरी थाना भवन बम्होरीकलां टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_414300_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.04.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119523/2025 R-50763/2025 **परियोजना यंत्री**

# लोकमाता अहिल्याबाई के जनकल्याण और सुशासन के कार्य प्रेरणादायक

**खरगोन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किये और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्याबाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जनकल्याण के कार्य किए हैं। मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा करने के साथ सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोज़गार के लिए माहेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास माता अहिल्या के विविध प्रसंगों से भरा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माता अहिल्याबाई के कार्यों से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ने पहला दशहरा महेश्वर में मनाया और कैबिनेट की बैठक भी महेश्वर में आयोजित की है। प्रदेश की सशस्त्र वाहिनी क्रमांक 01 को अहिल्या माता का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में देवी अहिल्या की जीवनगाथा पर नाटक मंचन के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ सम्पूर्ण नाटक का मंचन देखा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक अहिल्याबाई के कार्यों से आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगा।

# वीर महापुरुषों की गौरव गाथाओं का संकलन होगा उज्जैन के वीर भारत संग्रहालय में

**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले 'वीर भारत संग्रहालय' का भूमिपूजन किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरुषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा विक्रम विश्वविद्यालय



राज्यपाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में डी-लिट की मानद उपाधि सौंपी

**उज्जैन,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक श्री कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई।

- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई डी-लिट की मानद उपाधि।**
- **70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट की उपाधि प्रदान की गई।**
- **राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुआ विक्रम विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह।**

राज्यपाल ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत आनन्द का अनुभव हो रहा है। दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं आत्मीय बधाई देता हूं। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर कई मायनों में हम सबके लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उज्जैन नगरी सात पवित्रतम नगरियों में से एक है। हर कल्प में इसका विशेष महत्व रहा है। भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा पर हम सब हर्षोल्लास के साथ गुड़ी पड़वा और चेटी चंड पर्व मना रहे हैं। आज उज्जैन का गौरव दिवस भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा। माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई है, वे अपनी प्रतिभा का उपयोग अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करें। समाज-सेवा और राष्ट्र की सेवा करें। मुख्यमंत्री ने उज्जयिनी के गौरव दिवस और विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ अन्य उपलब्धियां अर्जित की हैं।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर बढ़ाई गई उज्जैन विक्रम व्यापार मेले की अवधि

**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विक्रम व्यापार मेले की अवधि आगामी 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह ने आदेश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग की अधिसूचना दिनांक 14 जनवरी, 2025 के माध्यम से ऐसे सभी गैर-परिवहन यानों तथा हल्के परिवहन यानों के वर्ष 2024-25 में उज्जैन विक्रम व्यापार मेला की मेला अवधि के दौरान विक्रय पर उनके देय जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट मेला अवधि 30 मार्च 2025 तक प्रदान की गई थी।

# चिकित्सा सेवा मानवता की सर्वोत्तम सेवा - मुख्यमंत्री

**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के बड़नगर में काबरा हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का शुभारंभ कर संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में चिकित्सकों का योगदान सर्वोच्च माना जाता है, चिकित्सा सेवा मानवता की सर्वोत्तम सेवा है। सभी चिकित्सक हमेशा अपने हृदय में दया, करुणा और मानवता के भाव को सर्वोच्च स्थान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार निजी अस्पतालों एवं बड़े मेडिकल ग्रुप्स को अनुदान देगी। वेलनेस सेंटर, नेचुरोपैथी सेंटर की स्थापना सहित आयुर्वेद (आयुष) को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे निजी प्रयासों को भी राज्य सरकार अनुदान देगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य शासन की पहल पर बड़नगर में साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये की लागत से सीमेंट कारखाना स्थापित हो रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को रोज़गार मिलेगा और क्षेत्र का औद्योगिक विकास होगा।

मुख्यमंत्री ने काबरा परिवार द्वारा बीते कई दशकों से मानव की उपचार सेवाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. वासुदेव काबरा के नेतृत्व में इस परिवार की तीसरी पीढ़ी भी बड़नगर क्षेत्र के पीड़ितों एवं मरीजों के इलाज में पूरे समर्पण से सेवा दे रही है, यह तारीफ की बात है। बड़नगर जैसी छोटी जगह में एक बड़ा हॉस्पिटल स्थापित करना नि:संदेह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन और उनके सुझाए मार्ग से हम प्रदेश की जनता की सेवा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पद्धति से रोग का जड़ से उन्मूलन किया जाता है। कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़े ने ही लाखों कोरोना पीड़ित लोगों को जीवनदान दिया था। उन्होंने कहा कि परमात्मा हम पर कृपावान है कि उसने हमें निरोगी काया देकर इस संसार में भेजा है, पर यदि किसी वजह से शरीर में रोग उत्पन्न हो जाए, तो हमारी प्रकृति एवं परिवेश में ही ऐसी व्यवस्था दे दी है कि नैसर्गिक पद्धति से उस रोग का स्थायी इलाज हो जाए।

## युवा पीढ़ी को विक्रमोत्सव की जानकारी पहुंचानी होगी

**नरसिंहपुर,** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय के देव श्री नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व दीप प्रज्वलित कर ब्रह्मध्वज वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य के मंचन की प्रस्तुति श्री प्रवीण नामदेव के निर्देशन में दी गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने नव सम्वत्सर, विक्रम सम्वत्-2082 और चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश व प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज सही मायने में गौरव व उत्सव का दिन है। आज का युग परिवर्तन का युग है। हमारी संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है। आज इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सहभागिता कर रहे हैं।

श्री सिंह ने कहा कि भारत के विश्व गुरु बनने की संकल्पना साकार होने वाली है। आदि शंकराचार्य से लेकर हमारे धर्मगुरु इसे स्थापित करने में जुटे हैं। आज पूरे प्रदेश में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम सम्वत् को प्रदेश में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। श्री सिंह ने कहा कि पूर्वजों को स्मरण व श्रद्धासुमन अर्पित करने का अवसर है।

# गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव - राज्यपाल

**भोपाल,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रवीन्द्र भवन में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' को संबोधित किया। राज्यपाल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव है। गुजरातियों में मेल-जोल और आपसी भाईचारे का व्यवहार होता है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि 'जहां बसे गुजराती, वहां बसे सदाकाल गुजरात' कहावत को गुजरातियों ने हमेशा चरितार्थ किया है। मध्यप्रदेश की संस्कृति में भी गुजराती समाज रच, बस गया है। गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मध्यप्रदेश की जनता के साथ गुजराती



समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सहभागिता पर आधारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अखिल भारतीय गुजराती समाज संस्था के सहयोग और सक्रियता की सराहना की।

### गुजरात देश का ग्रोथ इंजन

गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने कहा कि आजादी के आंदोलन में देश को गुजरात ने ही महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में मजबूत नेतृत्व दिया है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्यकुशलता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश के गुजराती समाज को प्रदेश के विकास में योगदान देने और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' निर्माण में भाग लेने का आह्वान किया।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गुजरात राज्य पर ईश्वर की विशेष कृपा और आशीर्वाद है। आजादी से लेकर देश के विकास और अर्थव्यवस्था में आज गुजरात का अहम योगदान है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# दूर कर दी हैं हमने सारी बाधाएं आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मदद - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी वितरण समारोह को संबोधित किया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रुकावटें दूर कर दी हैं। आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन और इन्सेंटिव देगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्थापित करीब 2500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ और

- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विश्वास पर खरी उतरी प्रदेश सरकार, जीआईएस में मिले 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव।**
- **प्रदेश की 2500 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को अंतरित की 1778 करोड़ रुपये की उद्योग प्रोत्साहन राशि।**
- **27 अप्रैल को इंदौर में पहली आईटी सेक्टर कॉन्क्लेव होगी।**

छोटे-बड़े (वृहद श्रेणी के) उद्योगों को करीब 703 करोड़ रुपये, इस प्रकार कुल 1778 करोड़ रुपये की उद्योग निवेश सब्सिडी हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने रिमोट दबाकर सिंगल क्लिक से डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सब्सिडी राशि उद्यमियों (निवेशकों) के बैंक खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का बढ़ता हौसला ही हमारी पूंजी है। जीआईएस से हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। उन्होंने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए ही निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने नवीन औद्योगिक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश भर में जिला स्तर पर सेक्टर आधारित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की जा रही है। ऐसी पहली आईटी सेक्टर की कॉन्क्लेव आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आयोजित की जाएगी। राज्य सरकार प्रदेश के अंदर औद्योगिक गतिविधियां संचालित करेगी, साथ ही रोड-शो के माध्यम से प्रदेश के बाहर से भी निवेशकों को आकर्षित किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखकर ही करेंगे पर्यटन विकास - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की पांचवीं बैठक को मंत्रालय में संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विकास के प्रयासों में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रकृति और पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही पर्यटन विकास के सभी प्रकल्प क्रियान्वित किए जाएंगे। इस संबंध में समुचित परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश में वेटलैंड्स के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इसरो-एसएसी-2021 (इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र) एटलस के अनुसार प्रदेश में भौतिक सत्यापन और सीमांकन का कार्य पर्यावरण विभाग के राज्य वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। यह वेटलैंड्स 2.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल से अधिक के हैं। यह कार्य राजस्व विभाग और वन विभाग के सहयोग और संबंधित जिला प्रशासन के नेतृत्व में सम्पन्न करवाया जा रहा है। प्रदेश में 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 13 हजार 454 वेटलैंड्स का जमीनी सत्यापन और 12 हजार 741 वेटलैंड्स के सीमांकन का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश में कुछ ही वेटलैंड्स शेष हैं, जहां यह कार्य अभी चल रहा है। एक नया मोबाइल एप भी तैयार किया गया है। इस कार्य के लिए प्रदेश के 55 जिलों में लगभग 5 हजार कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड विकसित किया गया है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि पर्यावरण विभाग के स्तर पर वेटलैंड के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की नियमित समीक्षा की जाए।

# युवा पीढ़ी को नव सम्वत्सर मनाने के लिए हर स्तर पर पहुंचानी होगी जानकारी

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव-2025 कोटि सूर्योपासना के जिला स्तरीय आयोजन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नव सम्वत्सर मनाने के लिये प्रदेश के ग्रामीण स्तर तक नव वर्ष की जानकारी पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिपदा, नव सम्वत्सर, हिन्दू नव वर्ष और गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्र से शुरू होता है। आज का दिन सूर्य उपासना का दिन है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। यह जानकारी नई पीढ़ी को मिले, इसलिए इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का आज शुभ दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप से पूरे प्रदेश में मनाने का जो बीड़ा उठाया है, वो सराहनीय है। उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।

श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो और देश-प्रदेश आगे बढ़े। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल बने। इसके लिये हम सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा।

## प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है

**सिंगरौली,** प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है। किसानों के हितार्थ कई योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभ प्रदान किया जा रहा है। वहीं, उनकी खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने संयुक्त तहसील दुधमनिया में 8 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भवन के लोकार्पण अवसर पर कही। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह भी उपस्थित थीं।

श्रीमती उइके ने कहा कि इस संयुक्त भवन के निर्माण से अब 65 गांवों के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिये साइबर तहसील, लोक सेवा गारंटी लागू कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जहां गरीबों के लिए आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं, वहीं किसानों के लिए सम्मान निधि प्रदान की जा रही है।

श्रीमती उइके ने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने के लिए 'लाड़ली बहना योजना' चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से आर्थिक सहायता देकर महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र के विकास के लिए कॉलेज एवं अस्पताल खोले जाएंगे। सरकार प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक 'स्कूल चलें हम' अभियान चलाया जा रहा है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को मिला नया आयाम

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में जल संरक्षण को लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया महत्वाकांक्षी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' जनान्दोलन का रूप ले रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में महाकाल की नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट से शुभारंभ के बाद अब यह अभियान पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया है। इसमें जल संरक्षण, रेनोवेशन, जल संरचनाओं का पुनर्जीवन और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बैतूल जिले में जन अभियान परिषद के तत्वावधान में काशी तालाब में स्वच्छता अभियान और श्रमदान आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर और जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने स्थानीय रहवासियों को तालाब स्वच्छ रखने और पॉलीथिन व कचरा न फेंकने की समझाइश दी। वहीं, विकासखंड भैंसदेही में मां पूर्णा नदी के घाट पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान 92 श्रमदानियों ने सहभागिता निभाई।

धार जिले की नगर परिषद राजगढ़ ने अभियान के तहत प्राचीन बावड़ियों, कुओं और तालाबों के पुनर्जीवन की दिशा में पहल की है। वार्ड क्रमांक 14 में बाबाजी के कुएं पर सफाई अभियान चलाकर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। नगर परिषद विभिन्न जल स्रोतों की पहचान कर उन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयास कर रही है।

मंदसौर जिले में जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में खेरखेड़ी तालाब का गहरीकरण किया गया। यह कार्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है।

कालापीपल विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भैसायागढ़ा में तालाब जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हुआ। वहीं, ग्राम पंचायत खमलाय में रूफवॉटर हार्वेस्टिंग कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।

कटनी जिले में दीवार लेखन और जागरूकता रैली के माध्यम से जल संरक्षण की प्रेरणा दी जा रही है।

## गेहूं उपार्जन के लिये किसान अब 9 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**भोपाल,** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये है। और राज्य सरकार द्वारा 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूं की खरीदी 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

# सीएम राइज़ स्कूल कहलाएंगे अब सांदीपनि विद्यालय - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल की अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैम्पियन) में आयोजित 'स्कूल चलें हम' राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम-2025 को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गणवेश, लैपटॉप, ई-स्कूटी, साइकिल, कोचिंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा कर सही अर्थ में रामराज्य की कल्पना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास कर रहा है। प्रदेश के समस्त निर्मित और निर्माणाधीन सीएम राइज़ स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय होगा। मुख्यमंत्री ने नवीन विद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद किया और इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी देखी।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में के.जी.-2 में प्रवेश लेने वाली नन्ही बालिकाओं को माला पहनाकर उनके विद्यालय में प्रवेश की औपचारिकता पूर्ण करवाई। उन्होंने नव प्रवेशी बालिकाओं को उपहार दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम से किए जाने और इस पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किए जाने की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन विशेष है। अद्भुत संयोग है, जो मध्यप्रदेश की धरती पर हम देख रहे हैं। हमें अतीत में जाकर देखना होगा और अतीत के घटनाक्रम का शोध भी करना होगा। इसके अनुरूप आवश्यक सुधार भी हम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा तो उस समय की परिस्थितियों में उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा। वह प्रथम स्कूल चलें हम अभियान था। भगवान श्रीकृष्ण ने ही यह अभियान प्रारंभ किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के कुशासन का अंत कर शिक्षा का महत्व प्रतिपादित किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## वायु प्रदूषण रोकने बनेगी समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्ययोजना

**भोपाल,** प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये भोपाल में समेकित राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, उद्योग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राजस्व, उद्यानिकी विभाग और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में धान एवं गेहूं की कटाई के बाद जलने वाली पराली से होने वाले वायु प्रदूषण एवं उनसे पड़ने वाले स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव की रोकथाम के लिये प्रभावी कार्रवाई करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं।

## नक्सलवाद मुक्त प्रदेश के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती को नक्सल गतिविधियों से मुक्त करने के लिए राज्य पुलिस बल का अभियान तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में नक्सली गतिविधियों में संलिप्तों के साथ हुई मुठभेड़ में हमारे हॉकफोर्स के जवानों ने 14-14 लाख रुपये की इनामी 2 महिला नक्सली को मार गिराया है। मृतक नक्सली की शिनाख्त प्रतिमा और ममता नाम से हुई है। इनके कब्जे से हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी जब्त किया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुए मंत्रिपरिषद के निर्णय

# 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' प्रारम्भ करने की स्वीकृति



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गों में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवायें उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' प्रारम्भ करने की स्वीकृति दी गई। प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्वे तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुये एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जायेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में सुगम, सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

यात्री परिवहन सेवा को प्रारम्भ करने के लिए 101 करोड़ 20 लाख रुपये की अंशपूंजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के गठन की स्वीकृति भी दी गई है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन हेतु कंपनी एक्ट के तहत SPVs गठित है, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। उक्त समस्त कंपनियों को 7 संभागीय कंपनियों के रूप में मर्ज किया जायेगा। उक्त सात कंपनियों के एकीकृत नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के तहत एक होल्डिंग कंपनी का गठन किया जायेगा। साथ ही त्रि-स्तरीय संरचना के तहत दायित्व निर्वहन और सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के 51 प्रतिशत शेयर बहुसंख्यक आधार पर निवेश करने एवं सात सहायक कंपनियों के बोर्ड और उसके आर्टीकल ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति, रीवा एवं ग्वालियर के लिए वर्तमान प्रचलित कंपनी को बंद करते हुए नवीन क्षेत्रीय कंपनी गठित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इन क्षेत्रीय सहायक कंपनियों का गठन, संबंधित संभागीय मुख्यालयों में स्थित सिटी बस ट्रांसपोर्ट की वर्तमान कंपनी में संशोधन कर, निर्मित करने की स्वीकृति दी गई। जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

म.प्र. मोटरयान नियम 1994 के नियमों में आवश्यक संशोधन एवं वांछित प्रावधान करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इसके लिए प्रशासकीय विभाग द्वारा पृथक से विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। सात सहायक कंपनियों की सुसंगत पूर्ववर्ती सिटी ट्रान्सपोर्ट कंपनियों द्वारा परिवहन संबंधी दायित्व के निर्वहन के लिए, जो चल-अचल सम्पत्ति उपयोग में आ रही है, वे यथावत इन कंपनियों के आधिपत्य में रहेंगी। इसी प्रकार नगर-निगम, प्राधिकरण आदि द्वारा स्वयं की निधि से तैयार किये गये बस टर्मिनल, बस स्टैण्ड, बस स्टॉप आदि, होल्डिंग कंपनी के सामंजस्य से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं यात्री सुविधा के लिए विकसित किए जाएंगे।

वर्तमान सिटी बस कंपनियों के कार्यालय भवन का उपयोग नवीन सहायक कंपनियां यथावत करती रहेंगी। कार्यालय की ऐसी अचल सम्पत्ति, जो नगरीय निकाय निधि से अर्जित या निर्मित हैं, उनका मूल्यांकन पृथक से किया जाकर, राशि की प्रतिपूर्ति परिवहन विभाग द्वारा की जायेगी। नवीन गठित होने वाली राज्य स्तरीय कंपनी को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पुनर्घनत्वीकरण नीति 2022 के तहत पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में शामिल किया जायेगा।

### शासकीय सेवकों को देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य शासन के शासकीय सेवकों को वर्तमान में देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण की स्वीकृति दी गई। शासकीय सेवकों को वर्तमान में देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण के फलस्वरूप राज्य शासन पर अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार लगभग 1500 करोड़ रुपये आयेगा। शासकीय सेवकों के लिये सातवें वेतनमान में देय मूल वेतन के आधार पर A श्रेणी के नगरों के लिए 10 प्रतिशत, B श्रेणी के नगरों के लिए 7 प्रतिशत, C एवं D श्रेणी के नगरों के लिए 5 प्रतिशत के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता प्रदान किया जायेगा।

दैनिक भत्ता, वाहन भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान स्थानीय परिवहन, स्थानांतरण पर घरेलू समान का परिवहन एवं स्थानांतरण अनुदान, स्थायी यात्रा भत्ता में मूल्य सूचकांक के आधार पर वृद्धि, की जायेगी। इसके साथ ही अतिरिक्त कार्य के लिए दोहरा भत्ता, राज्य शासन के पात्र चिकित्सकों और चिकित्सा शिक्षकों को दिये जाने वाला अव्यवसायिक भत्ता, सचिवालयीन भत्ता एवं मंत्रालयीन अधिकारियों के लिए विशेष भत्ता की स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ ही शासकीय सेवकों की मृत्यु पर परिवार को देय अनुग्रह अनुदान वर्तमान में निर्धारित पात्रता का 2.57 गुणक के आधार पर अधिकतम 1 लाख 25 हजार रुपये तक दिया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## फैक्ट फाइल

### मध्यप्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू

# जल संरचनाओं के संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार का सराहनीय कदम

मध्यप्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 30 मार्च गुड़ी पड़वा से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के क्षिप्रा तट से इसका आरंभ हुआ है। लगभग 90 दिन से अधिक समय तक चलने वाले इस अभियान में जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए आधारभूत प्रयास किये जायेंगे। यह मध्यप्रदेश सरकार और आमजन का साझा अभियान है। इस अभियान को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि गंगा संवर्धन अभियान में वर्षा जल की एक-एक बूंद को बचाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान प्रतिदिन छोटी-बड़ी जल संरचनाएं निर्मित कर लोकार्पित की जाएंगी। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश के भू-जल स्तर में सुधार आयेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आन्दोलन बनाने की अपील की है। इस अभियान से जहां जल स्रोतों का संरक्षण संवर्धन होगा वहीं पृथ्वी का जल स्तर बढ़ेगा और भावी पीढ़ी के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। अभियान की थीम 'जन सहभागिता से जल स्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण' रखी गई है।




### अभियान में शामिल विभाग

प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि विभाग सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे।

### क्या होगा अभियान में

अभियान के तहत जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें पौध-रोपण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करना आदि शामिल है।

*- शशांक मणि पांडे*
*(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)*

### मुख्य बिन्दु

- पंचायत स्तर पर तालाब निर्माण, वन क्षेत्र और जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य होंगे।
- अभियान के 90 दिनों में प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण होगा।
- जलीय जीवों को पुनर्स्थापित किया जाएगा।
- लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे।
- ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जल स्रोतों एवं देवालयों में विकास कार्य होंगे।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण करेगा।
- प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे।
- नदियों को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण।
- नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं पौध-रोपण की कार्य योजना तैयार की जायेगी।
- ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल होंगी। स्थानीय लोग करेंगे जल संरचनाओं का रख-रखाव।
- प्रत्येक गांव से महिला-पुरुष का चयन कर प्रदेश में लगभग 1 लाख जलदूत तैयार किए जाएंगे, जो जल स्रोतों के संरक्षण का कार्य करेंगे।
- सीवेज का गंदा पानी जल स्रोतों में न मिले, इसके लिए सोक पिट का निर्माण किया जाएगा।
- नहरों के संरक्षण, जलाशयों से रिसाव रोकने, तालाबों की पिचिंग और बैराज मरम्मत कार्य होंगे।
- नगरीय विकास एवं आवास विभाग जल संरचनाओं के संवर्धन का कार्य करेगा।
- नहरों को मार्क कर विलेज-मैप पर "शासकीय नहर" के रूप में अंकित किया जाएगा।
- बांध तथा नहरों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। करीब 40 हजार किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली का सफाई कार्य होगा।
- फ्लशबार की मरम्मत और स्लूस-वैल की सफाई कार्य भी होंगे।
- सदानीरा फिल्म समारोह, जल सम्मेलन, प्रदेश की जल परंपराओं पर आख्यान, चित्र प्रदर्शनी समेत विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।




डॉ. जय भट्टाचार्य

## एनआईएस के डायरेक्टर बने

अमेरिकी सीनेट ने भारतीय मूल के अमेरिकी चिकित्सक और स्टैनफोर्ड विधि में स्वास्थ्य नीति के प्रोफेसर डॉ. जय भट्टाचार्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के निदेशक के रूप में मंजूरी दे दी।



एनआईएच दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी फंडिंग वाली बायोमेडिकल अनुसंधान संस्था है। डॉ. जय भट्टाचार्य को अमेरिकी स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के अधीन काम करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवंबर महीने में स्वास्थ्य अर्थशास्त्री डॉ. जय भट्टाचार्य को देश के शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान एवं वित्त पोषण संस्थान एनआईएच का नेतृत्व करने के लिए नामित किया था।

संजय मिश्रा

## प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद में नियुक्त

केंद्र सरकार ने ईडी के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। मिश्रा 15 सितंबर 2023 तक ईडी के निदेशक रहे। 1984 बैच के आईआरएस अधिकारी संजय मिश्रा इनकम टैक्स के कई मामलों की जांच में अहम भूमिका निभा चुके हैं। ईडी प्रमुख बनने के पहले मिश्रा दिल्ली में इनकम टैक्स विभाग में चीफ कमिश्नर पद पर तैनात थे। बता दें, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद एक स्वतंत्र निकाय है, जो सरकार को विशेष रूप से आर्थिक और संबंधित नीतिगत मामलों पर सलाह देती है।



शोहिनी सिन्हा को

## एफबीआई में मिला महत्वपूर्ण पद

भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक शोहिनी सिन्हा को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) में पीड़िता सेवा विभाग की सहायक निदेशक नियुक्त किया गया है। हाल ही में उन्होंने साल्ट लेक सिटी फील्ड ऑफिस की प्रभारी विशेष एजेंट के रूप में काम किया था। सिन्हा 2001 में विशेष एजेंट के रूप में एफबीआई में शामिल हुई। सिन्हा चिकित्सक के रूप में काम कर चुकी हैं।



इसरो ने

## सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया

इसरो ने अत्यंत जटिल सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का पहला हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक किया है। इंजन से इसरो के रॉकेटों की ताकत बढ़ेगी और अंतरिक्ष में भारत की पे-लोड क्षमता बढ़ेगी। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसरो ने अंतरिक्ष मिशन की क्षमता को बढ़ाने में अहम सफलता हासिल की है। तरल ऑक्सीजन (एलओएक्स) और केरोसिन से परिचालित होने वाले 200 टन क्षमता के सेमी-इंजन का पहला प्रमुख हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।




आरबीआई ने

## डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड 2025 जीता

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने अपने अभिनव प्रवाह और सारथी डिजिटल पहल के लिए सेंट्रल बैंकिंग, लंदन द्वारा प्रस्तुत डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड 2025 जीता है। इन प्रणालियों ने RBI के आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है, कागज-आधारित सबमिशन को कम किया है और दक्षता एवं पारदर्शिता को बढ़ाया है। जनवरी 2023 में शुरू की गई सारथी प्रणाली RBI के आंतरिक वर्कफ्लो को डिजिटल बनाती है, जिससे कर्मचारी उन्नत डैशबोर्ड और रिपोर्ट के साथ दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से संग्रहित, साझा और विश्लेषण कर सकते हैं। मई 2024 में शुरू की गई प्रवाह प्रणाली बाहरी उपयोगकर्ताओं को विनियामक आवेदनों को डिजिटल रूप से प्रस्तुत करने में सक्षम बनाती है, जो निर्बाध प्रोसेसिंग के लिए सारथी डेटाबेस के साथ एकीकृत होती है।




विक्रम साहू

## भारत में बैंक ऑफ अमेरिका के प्रमुख होंगे

बैंक ऑफ अमेरिका कॉर्प विक्रम साहू को भारत में अपने व्यवसाय के लिए नया कंट्री एग्जीक्यूटिव नियुक्त करने जा रहा है। विक्रम साहू वर्तमान में न्यूयॉर्क में स्थित ग्लोबल इक्विटी रिसर्च के प्रमुख हैं, वे काकू नखाते की जगह लेंगे, जो अब तक भारत के कंट्री एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत थीं। साहू अगली तिमाही में भारत में स्थानांतरित होंगे और भारत के व्यवसाय की अगुवाई करेंगे। ज्ञात रहे कि काकू नखाते ने बैंक की भारत शाखा का 15 वर्षों तक नेतृत्व किया है। वे भारतीय नियमित इकाई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी की भूमिका बनाए रखेंगी, जब तक कि भारतीय रिज़र्व बैंक साहू की नियुक्ति को मंजूरी नहीं दे देता।



नासा ने

## मंगल ग्रह पर खोजे विशाल कार्बनिक यौगिकों के अवशेष

मंगल ग्रह पर जीवन की खोज कर रहे नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने अब तक के सबसे बड़े कार्बनिक यौगिकों के टुकड़े खोजे हैं। यह ऐसे रासायनिक पदार्थ होते हैं, जिनमें कार्बन होता है और ये जीवन के लिए जरूरी माने जाते हैं। यह टुकड़े 3.7 अरब साल पुराने एक चट्टान के नमूने में पाए गए हैं जो येलोनाइफ खाड़ी में पाया गया था। येलोनाइफ खाड़ी लाल ग्रह पर एक प्राचीन झील का तल था। वैज्ञानिकों के अनुसार इस झील के तल में वे सभी जरूरी तत्व मौजूद थे, जो जीवन को पनपने के लिए जरूरी हैं, इनका मिलना इस बात को बल देता है कि अरबों साल पहले लाल ग्रह पर जीवन रहा होगा।




जेम्स वेब टेलीस्कोप ने

## खोजी 2 आकाशगंगा से बनी 'रिंग'

ब्रह्मांड के अनंत रहस्यों को सुलझाने नासा और इसरो सहित तमाम एजेंसियां दिन-रात लगी हुई हैं। नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने दुर्लभ ब्रह्मांडीय नजारा कैद किया है, जिसे 'आइंस्टीन रिंग' कहा गया है। यह हाइड्रस तारामंडल में 2 आकाशगंगा हैं, जो एक-दूसरे से बहुत दूर हैं। केंद्र में आकाशगंगा है, चारों ओर नारंगी और नीला रंग, पीछे आकाशगंगा से आने वाली रोशनी है।



आईएफएस निधि तिवारी

## प्रधानमंत्री की निजी सचिव बनीं

भारत सरकार ने आईएफएस निधि तिवारी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया है। निधि वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं। 2014 बैच की भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी निधि तिवारी 2022 में अवर सचिव के रूप में शामिल होने के बाद 6 जनवरी 2023 से प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं। निधि मूलतः वाराणसी के महमूरगंज से हैं।



प्लाज्मा थ्रस्टर का

## सफल परीक्षण हुआ

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दरअसल इसरो ने स्टेशनली प्लाज्मा थ्रस्टर का सफल परीक्षण किया है। 300 मिली न्यूटन के प्लाज्मा थ्रस्टर ने एक हजार घंटे का परीक्षण पूरा कर लिया है। ये प्लाज्मा थ्रस्टर सैटेलाइट्स के इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन में इस्तेमाल करने के लिए विकसित किए गए हैं। इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम अभी मौजूदा केमिकल प्रोपल्शन सिस्टम की जगह लेंगे और भविष्य की सैटेलाइट्स में इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम का ही इस्तेमाल होगा।



अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिहीन वि.वि.

## ओडिशा के कटक में स्थापित किया जाएगा

ओडिशा के कटक में दृष्टिहीनों के लिए भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खुलने जा रहा है, जो समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र सरकार की एक टीम ने हाल ही में राज्य का दौरा किया और संस्थान की स्थापना के लिए कटक जिले के बारंगा के पास 40 एकड़ जगह की पहचान की। कटक कलेक्टर दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कटक-खोरधा परिधि पर साइट के रणनीतिक स्थान पर जोर दिया, जिससे कर्मचारियों और छात्रों के लिए आसान पहुंच सुनिश्चित हो सके। इसके राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए, सरकार ने ओडिशा के प्रसिद्ध दृष्टिहीन कवि और 19वीं सदी के समाज सुधारक संत कवि भीमा भोई के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखने में रुचि व्यक्त की है।



अजय सेठ

## देश के नए वित्त सचिव बने

देश के नए फाइनेंस सेक्रेटरी (वित्त सचिव) अजय सेठ होंगे। केंद्र सरकार में कई सारे महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर अपनी सेवा देने वाले अजय सेठ को अब फाइनेंस सेक्रेटरी के तौर पर अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र सरकार की अपाइंटमेंट्स कमेटी के सामने फाइनेंस सेक्रेटरी के पद पर अजय सेठ के नाम के प्रस्ताव को पेश किया गया था जिस पर अपाइंटमेंट्स कमेटी ने अपनी सहमति दे दी है। ज्ञात रहे कि कैबिनेट की अपाइंटमेंट्स कमेटी की अध्यक्षता देश के प्रधानमंत्री करते हैं। नए फाइनेंस सेक्रेटरी अजय सेठ इस समय फाइनेंस मिनिस्ट्री में डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स में सचिव के तौर पर कार्य कर रहे हैं। अजय सेठ साल 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।



प्रिंस रहीम अल-हुसैनी

## इस्माइली समुदाय के नए इमाम नामित

प्रिंस करीम आगा खान चतुर्थ के निधन के बाद उनके बेटे प्रिंस रहीम अल-हुसैनी को इस्माइली मुस्लिम समुदाय का 50वां वंशानुगत इमाम नामित किया गया है। आगा खान की वसीयत को खोले जाने के बाद यह घोषणा की गई। आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क ने रहीम अल-हुसैनी के नए लीडर बनने की जानकारी एक्स पर शेयर की। उनकी उम्र 53 वर्ष है पिता की वसीयत के मुताबिक उन्हें आगा खान पंचम का दर्जा मिला है। ज्ञात रहे कि रहीम अल-हुसैन को आगा खान का उत्तराधिकारी घोषित किया गया। उनके पिता का बीते दिनों निधन हो गया था। इसके बाद उन्हें दुनियाभर के इस्माइली मुसलमानों का नया लीडर घोषित किया गया है, बता दें कि आगा खान एक पदवी है। इन्हें पैगंबर मोहम्मद का सीधा वंशज माना जाता है।



एन. चंद्रशेखरन

## आईएमएफ की सलाहकार परिषद में शामिल

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

## वैदिककालीन-शिक्षा

**1. निम्नलिखित में से 'ऋग्वेदिक पर्जन्य' किसके देवता माने गए हैं?**
अ. वर्षा, जल के
ब. खेती के
स. पृथ्वी के
द. वनस्पति के
**उत्तर- अ. वर्षा, जल के**

**2. वैदिक काल में समृद्ध (धनाढ्य) व्यक्ति के लिए निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग किया गया था?**
अ. गोप ब. गोपती
स. गविष्ठि द. गोमत
**उत्तर- द. गोमत**

**3. वैदिककालीन देवताओं में किसे 'पुरन्दर' नाम से जाना जाता है?**
अ. इन्द्र ब. वरुण
स. अग्नि द. रूद्र
**उत्तर- अ. इन्द्र**

**4. ऋग्वेद में पंचजन से क्या समझते हैं?**
अ. गैर-आर्यों की पांच जनजातियां
ब. आर्यों की पांच जनजातियां
स. ग्राम के प्रमुख व्यक्ति
द. पांच ग्रामों के प्रमुख
**उत्तर- ब. आर्यों की पांच जनजातियां**

**5. भारतीय पंचाग के निम्नलिखित में से कौन से मास वैदिक नाम 'मधु-माधव' से अभिप्रेत हैं?**
अ. चैत्र-वैशाख
ब. ज्येष्ठ- आषाढ़
स. श्रावण-भाद्र
द. माघ-फाल्गुन
**उत्तर- अ. चैत्र-वैशाख**

**6. उपनिषदकालीन दार्शनिक राजा 'अश्वपति' कहां के राजा थे?**
अ. कैकेय ब. मद्र
स. पांचाल द. उशीनर
**उत्तर- अ. कैकेय**

**7. निम्नलिखित में से किस जनजाति को पराजित करने का श्रेय गुप्तशासक स्कंदगुप्त को दिया जाता है?**
अ. कंबोज ब. हूणों
स. किरात द. पारसिक
**उत्तर- ब. हूणों**

**8. गुप्तकालीन भगवान विष्णु की वराह अवतार प्रतिमा किस स्थान पर अवस्थित है?**
अ. उदयगिरि गुफा
ब. कन्हेरी गुफा
स. एलोरा गुफा
द. एलिफैंटा गुफा
**उत्तर- अ. उदयगिरि गुफा**

**9. तिगवां का मंदिर मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?**
अ. कटनी ब. सिहोर
स. भिंड द. खरगौन
**उत्तर- अ. कटनी**

**10. निम्नलिखित में से किस अभिलेख से अकाल के समय प्रशासनिक व्यवस्था किए जाने पर प्रकाश पड़ता है?**
अ. शंकरपुरा ब. चिंचली
स. सोहगौरा द. मांडल
**उत्तर- स. सोहगौरा**

**11. निम्नलिखित में से किसे अशोक के द्वारा बराबर पहाड़ियों में दो गुफाएं दान की गई?**
अ. जैनियों
ब. आजीविकों
स. ब्राह्मणों
द. हीनयानियों
**उत्तर- ब. आजीविकों**

**12. मौर्य साम्राज्य के पेशावर के निकट उत्तर-पश्चिम भाग में अशोक के शिलालेख किस भाषा में हैं?**
अ. ब्राह्मी ब. आरमाइक
स. देवनागरी द. खरोष्ठी
**उत्तर- द. खरोष्ठी**

**13. महायान बौद्ध धर्म में 'शून्यता' का विचार किसने दिया था?**
अ. नागार्जुन ब. असंग
स. वसुबंधु द. बुद्धघोष
**उत्तर- अ. नागार्जुन**

**14. बौद्ध ग्रंथों में किसे 'निगंथ नाथपुत्र' कहा गया है?**
अ. महात्मा बुद्ध
ब. महावीर स्वामी
स. मक्खलीपुत्र गोसाल
द. पकुथ कच्चांयन
**उत्तर- ब. महावीर स्वामी**

**15. 'स्वप्नवासदत्ता' नामक नाटक निम्नलिखित में से किस महाजनपद कालीन शासक के जीवन पर आधारित है?**
अ. अजातशत्रु ब. उदयन
स. प्रद्योत द. बिम्बिसार
**उत्तर- ब. उदयन**

**16. निम्नलिखित में से किस पुरोहित द्वारा गायत्री मंत्र का संकलन किया गया था?**
अ. वशिष्ठ ब. अत्रि
स. भारद्वज द. विश्वामित्र
**उत्तर- द. विश्वामित्र**

**17. ऋग्वेद का प्राचीनतम भाष्यकार निम्नलिखित में से किसे माना जाता है?**
अ. माधव भट्ट ब. सायण
स. स्कन्दस्वामी द. वेंकट माधव
**उत्तर- स. स्कन्दस्वामी**

**18. ऋग्वेद में कई परिच्छेदों में प्रयुक्त 'अघन्य' शब्द किस हेतु संदर्भित है?**
अ. देवता हेतु ब. पुजारी हेतु
स. गाय हेतु द. स्त्री हेतु
**उत्तर- स. गाय हेतु**

**19. ऋग्वेदकालीन 'यव' शब्द निम्नलिखित में से किस उत्पाद हेतु प्रयुक्त किया जाता था?**
अ. जौ ब. चना
स. चावल द. गेहूं
**उत्तर- अ. जौ**

**20. 'द आर्कटिक होम इन वेदास' के लेखक कौन हैं?**
अ. डेविड फ्राले
ब. बी.जी. तिलक
स. केदारनाथ शास्त्री
द. बेनीप्रसाद
**उत्तर- ब. बी.जी. तिलक**

**21. निम्नलिखित अभिलेखों में से कौन सा ईरान से भारत में आर्यों के आने की सूचना देता है?**
अ. मानसेहरा ब. शहबाजगढ़ी
स. बोगजकोई द. जूनागढ़
**उत्तर- स. बोगजकोई**

**22. ऋग्वेद का प्रथम सूक्त निम्नलिखित में से किसके लिए समर्पित है?**
अ. बृहस्पति ब. घोस
स. इंद्र द. अग्नि
**उत्तर- द. अग्नि**

**23. निम्नलिखित में से किसका संकलन ऋग्वेद पर आधारित है?**
अ. यजुर्वेद
ब. सामवेद
स. अथर्ववेद
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- ब. सामवेद**

**24. 'वर्ण' की उत्पत्ति से संबंधित आरंभिक आख्यान किस ग्रंथ में मिलता है?**
अ. ऋग्वेद ब. यजर्वेद
स. सामवेद द. अथर्ववेद
**उत्तर- अ. ऋग्वेद**

**25. निम्नलिखित में से चारों वर्णों का सर्वप्रथम उल्लेख कहां मिलता है?**
अ. एतरेय ब्राह्मण
ब. जाबालोपनिषद
स. कृष्णयजुर्वेद
द. पुरुषसूक्त
**उत्तर- द. पुरुषसूक्त (ऋग्वेद)**

**26. उत्तर-पूर्व अफगानिस्तान स्थित निम्नांकित में से कौन सा नगर एक हड़प्पा कालीन व्यापारिक बंदरगाह था?**
अ. सुत्कजेन डोर
ब. मुण्डिगक
स. शोर्तुगई
द. नौशारों
**उत्तर- स. शोर्तुगई**

**27. मृण-पट्टिका पर उत्कीर्ण सींगयुक्त देवता की कृति हड़प्पाकालीन किस स्थल से प्राप्त हुई हैं?**
अ. बनावली ब. कालीबंगा
स. लोथल द. सुरकोटडा
**उत्तर- ब. कालीबंगा**

**28. 'दधेरी' नामक परवर्ती हड़प्पीय पुरास्थल निम्न में से किस राज्य में अवस्थित है?**
अ. जम्मू ब. पंजाब
स. हरियाणा द. उत्तरप्रदेश
**उत्तर- ब. पंजाब**

**29. निम्नलिखित में से किस सैंधव पुरास्थल से झुकर-झांगर संस्कृति के विकसित होने के प्रमाण मिले हैं?**
अ. सुरकोटदा ब. चान्हूदड़ो
स. लोथल द. कालीबंगन
**उत्तर- ब. चान्हूदड़ो**

**30. प्राचीन नगर 'राजगृह' का वास्तुकार कौन था?**
अ. जीवक ब. महागोविंद
स. उदायिन द. शीलवंत
**उत्तर- ब. महागोविंद**

**31. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?**
अ. लक्ष्मण मंदिर सिरपुर - महाशिवगुप्त बालार्जुन
ब. मेगुती मंदिर, ऐहोल - रविकीर्ति
स. मल्लिकार्जुन मंदिर पट्टदकल - त्रैलोक्य महादेवी
द. वैकुण्डपेरूमाल मंदिर, कांची - नंदिवर्मन II
**उत्तर- अ. लक्ष्मण मंदिर - महाशिवगुप्त सिरपुर बालार्जुन**

**32. बुद्ध की शिक्षाओं के निम्नलिखित पहलुओं में से किसको आश्रित उत्पत्ति के नियम के रूप में जाना जाता है?**
अ. पंचशील
ब. अरिय- सच्चानि
स. अष्ठांग मागम्
द. प्रतीत्यसमुत्पाद
**उत्तर- द. प्रतीत्यसमुत्पाद**

**33. गौतम बुद्ध के शरीर अवशेषों पर निम्न में से किस स्थल पर शाक्यों ने स्तूप बनवाया था?**
अ. लुम्बिनी ब. निग्लोया
स. पिपरहवा द. सहेत-महेत
**उत्तर- स. पिपरहवा**

**34. 'ललित विस्तार ग्रंथ' किस सम्प्रदाय से संबंधित है?**
अ. हीनयान ब. महायान
स. वज्रयान द. तंत्रयान
**उत्तर- ब. महायान**

**35. भारतीय कला में बुद्ध के जीवन की किस घटना का चित्रण 'मृग सहित चक्र' द्वारा हुआ है?**
अ. महाभिनिष्क्रमण
ब. सम्बोधि
स. प्रथम-उपदेश
द. निर्वाण
**उत्तर- स. प्रथम-उपदेश**

**36. निम्नलिखित में से किस शासक के शासनकाल में अंग को मगध में संलग्न किया गया था?**
अ. बिम्बिसार ब. अजातशत्रु
स. उदयिभद्र द. बृहद्रथ
**उत्तर- अ. बिम्बिसार**

**37. पाटलिग्राम जो सुप्रसिद्ध पाटलिपुत्र नगर बन गया, का प्रारम्भ में दुर्गीकरण किस शासक द्वारा करवाया गया था?**
अ. बिम्बिसार ब. कालाशोक
स. अजातशत्रु द. उदयभद्र
**उत्तर- स. अजातशत्रु**

**38. किस प्राचीन तमिल लेखक ने नंद शासकों द्वारा संचित अपार धन-संपदा का उल्लेख किया है?**
अ. कंबल ब. कुलशेखर
स. मधुरकवि द. मामूलनार
**उत्तर- द. मामूलनार**

**39. वह धार्मिक पुस्तक, जिसमें कृषि कर्म की आठ विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन है?**
अ. अवदानशतक
ब. आर्यमंजुश्रीमूलकल्प
स. मिलिंदपन्हो
द. दीपवंश
**उत्तर- स. मिलिंदपन्हो**

**40. निम्नलिखित में से किस वंश ने सर्वप्रथम भू-अनुदान जारी किया?**
अ. मौर्य ब. सातवाहन
स. गुप्त द. वर्धन
**उत्तर- ब. सातवाहन**

**41. सातवाहन शासक सातकर्णी प्रथम द्वारा अश्वमेघ यज्ञ कराने का उल्लेख निम्नलिखित में से किस अभिलेख में मिलता है?**
अ. नानाघाट अभिलेख
ब. नासिक अभिलेख
स. अंजता अभिलेख
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. नानाघाट अभिलेख**

**42. निम्नलिखित में से गुप्तवंश के किस राजा की प्रशस्ति प्रयागराज अवस्थित अशोक के स्तम्भ पर उत्कीर्ण है?**
अ. चन्द्रगुप्त II ब. समुद्रगुप्त
स. रामगुप्त द. घटोत्कच
**उत्तर- ब. समुद्रगुप्त**

**43. सारनाथ की 'धर्म चक्र प्रवर्तन' मुद्रा वाली बुद्ध की प्रतिमा किस प्रस्तर से निर्मित है?**
अ. ब्लेक बेसाल्ट
ब. बलुआ पत्थर
स. चूना पत्थर
द. ग्रेनाइट
**उत्तर- ब. बलुआ पत्थर**

**44. दिलवाड़ा के मंदिर किस धर्म से संबंधित हैं?**
अ. बौद्ध ब. जैन
स. हिन्दू द. आजीवक
**उत्तर- ब. जैन**

**45. अजमेर के चौहान राजा जिसने अजमेर में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की?**
अ. अजयराज ब. अर्णोराज
स. विग्रहराज द. पृथ्वीराज
**उत्तर- स. विग्रहराज चतुर्थ**

**46. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| वंश | | शासक |
|---|---|---|
| अ. गुर्जर प्रतिहार | - | वत्सराज |
| ब. गहड़वाल | - | सोमेश्वर |
| स. परमार | - | मुंज |
| द. चंदेल | - | मदन वर्मा |

**उत्तर- ब. गहड़वाल - सोमेश्वर**

**47. निम्नलिखित में से किन शासकों द्वारा अमरकंटक के मंदिरों का निर्माण करवाया गया था?**
अ. परमार ब. कल्चुरी
स. चंदेल द. प्रतिहार
**उत्तर- ब. कल्चुरी**

**48. 'प्रबोध चंद्रोदय' नामक नाटक किसकी रचना है?**
अ. कृष्ण मिश्र ब. बिल्हण
स. बाणभट्ट द. देव वर्मा
**उत्तर- अ. कृष्ण मिश्र**

**49. निम्नलिखित में से किस शासक के द्वारा कोणार्क के सूर्य मंदिर का निर्माण करवाया गया था?**
अ. भीमदेव प्रथम
ब. नरसिंहदेव प्रथम
स. समुद्रगुप्त
द. नृसिंहदेव द्वितीय
**उत्तर- ब. नरसिंहदेव प्रथम**

**50. पुलकेशियन द्वितीय के किस सामन्त ने 'शब्दावतार' नामक व्याकरण ग्रन्थ की रचना की थी?**
अ. आलूप
ब. सोमराय
स. पंडित उदयदेव
द. गंगराज दुर्विनीत
**उत्तर- द. गंगराज दुर्विनीत**

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)




### राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं

**पद का नाम** - तकनीकी सहायक
**पदों की संख्या** - 36
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
**अंतिम तिथि - 11 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://www.nal.res.in

### भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कल्याणी

**पद का नाम** - एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड-I और ग्रेड-II
**पदों की संख्या** - 28
**योग्यता** - संबंधित विषय में पीएचडी की उपाधि और अन्य जरूरी योग्यताएं तथा अनुभव
**अंतिम तिथि - 15 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://iiitkalyani.ac.in

### भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष उपयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान

**पद का नाम** - तकनीकी जनशक्ति-1, तकनीकी जनशक्ति-2, तकनीकी जनशक्ति-3, लेखा जनशक्ति, प्रशासन जनशक्ति-1, प्रशासन जनशक्ति-2
**पदों की संख्या** - 298
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 16 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://bisag-n.gov.in

### रामागुण्डम फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड

**पद का नाम** - डिप्टी जनरल मैनेजर, चीफ मैनेजर, सीनियर मैनेजर, मैनेजर, इंजीनियर, चीफ मेडिकल ऑफिसर, डिप्टी चीफ मेडिकल ऑफिसर, एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर
**पदों की संख्या** - 40
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 10 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://www.rfcl.co.in

### मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान

**पद का नाम** - सहायक प्राध्यापक ग्रेड-2, सहायक प्राध्यापक ग्रेड-1
**पदों की संख्या** - 20
**योग्यता** - इंजीनियरिंग में बीई/बी. टेक या अन्य समकक्ष
**अंतिम तिथि - 16 अप्रैल, 2025**
**वेब.** - https://www.manit.ac.in

### बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - जूनियर क्लर्क
**पदों की संख्या** - 199
**योग्यता** - न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण हो तथा कम्प्यूटर डिप्लोमा हो और कम्प्यूटर टाइपिंग का ज्ञान हो
**अंतिम तिथि - 17 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://www.bhu.ac.in

### बैंक ऑफ बड़ौदा

**पद का नाम** - डिप्टी डिफेंस बैंकिंग एडवाइजर, ग्रुप हेड, टेरटरी हेड, सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर, वेल्थ स्ट्रेटरीजिस्ट (इंवेस्टमेंट एंड इंश्योरेंस), प्रोडक्ट हेड प्राइवेट बैंकिंग, पोर्टफोलियो रिसर्च एनालिस्ट
**पदों की संख्या** - 146
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 15 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://www.bankofbaroda.in

### असम लोक सेवा आयोग

**पद का नाम** - कृषि विकास अधिकारी
**पदों की संख्या** - 195
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बीएससी (एग्रीकल्चर) या अन्य समकक्ष डिग्री
**अंतिम तिथि - 17 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://apsc.nic.in

### राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक

**पद का नाम** - वरिष्ठ विश्लेषक
**पदों की संख्या** - 35
**योग्यता** - सीए/स्नातकोत्तर या अन्य समकक्ष योग्यताएं
**अंतिम तिथि - 21 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://nabfid.org

### इंडिया एक्जिम बैंक

**पद का नाम** - मुख्य प्रबंधक, उप प्रबंधक, प्रबंधन प्रशिक्षु
**पदों की संख्या** - 28
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 15 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://www.eximbankindia.in

### एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड

**पद का नाम** - महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक, उप प्रबंधक
**पदों की संख्या** - 14
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 14 अप्रैल, 2025**
**वेब.** - http://www.hsccltd.co.in

### विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र


**पद का नाम** - सहायक (राजभाषा), लाइट व्हीकल ड्राइवर, हेवी व्हीकल ड्राइवर, फायरमैन, रसोइया
**पदों की संख्या** - 16
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 15 अप्रैल, 2025**
**वेबसाइट** - https://www.isro.gov.in

## एडमिशन अलर्ट

### वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी

**पाठ्यक्रम का नाम** - पीएचडी (विज्ञान), पीएचडी (चिकित्सा अनुसंधान), पीएचडी (इंजीनियरिंग), आईडीडीपी (इंजीनियरिंग में एम टेक+ पीएचडी), एम टेक
**योग्यता**- पीएचडी के लिए एमई या एम टेक या अन्य समकक्ष डिग्री तथा आईडीडीपी एवं एम टेक के लिए बीई या बी टेक तथा अन्य समकक्ष डिग्री
**आवेदन की अंतिम तिथि** - पीएचडी के लिए 14 अप्रैल, 2025 तथा आईडीडीपी एवं एम टेक के लिए 31 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://acsir.res.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)



**हमारा जिला पांढुर्ना**

# प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण पांढुर्ना पर्यटन स्थल के रूप में हो रहा विकसित

**मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। 'रोज़गार और निर्माण' के 'हमारा जिला' स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के एक जिले से आपको परिचित करवाते हैं। इस अंक में प्रस्तुत है पांढुर्ना जिले का परिचय-**

पांढुर्ना मध्यप्रदेश राज्य का 55वां और जबलपुर संभाग का 9वां जिला है, जो वर्ष 2023 में छिंदवाड़ा जिले से अलग होकर अस्तित्व में आया। यह जिला व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिले का क्षेत्रफल 1522.22 वर्ग किलोमीटर है। यह दक्षिण-पूर्व में नागपुर, पश्चिम में बैतूल और अमरावती तथा उत्तर में छिंदवाड़ा जिलों से घिरा हुआ है। पांढुर्ना जिला छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। इसमें दो विधानसभा सीटें पांढुर्ना और सौंसर हैं। पांढुर्ना और सौंसर यह दोनों तहसीलें पांढुर्ना जिले की सीमा में स्थित हैं। पांढुर्ना मूल रूप से विदर्भ से घिरा हुआ है इसलिए स्थानीय भाषा, हिन्दी, मराठी और गोंडी है।

यह जिला आध्यात्म, संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध है। यहां के पर्यटन स्थल हनुमान मंदिर, जामसांवली, अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग, मोहगांव हवेली और घोगरा जलप्रपात हैं। विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेला घोगरा, तहसील- सौंसर और पांढुर्ना में आयोजित किया जाता है।

### अर्द्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग

मोहगांव हवेली मध्यप्रदेश में महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर दो ज्योतिर्लिंग के साथ ही तीसरा अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग भी हैं। यह तीसरा ज्योतिर्लिंग पांढुर्ना जिले के सौंसर तहसील से 5 किलोमीटर की दूरी पर मोहगांव में स्थित है। पुराणों के अनुसार इस ज्योतिर्लिंग को साढ़े बारहवां ज्योतिर्लिंग माना जाता है। मोहगांव हवेली में अर्द्धनारीश्वर का अद्भुत मंदिर स्थित है। यहां भगवान भोलेनाथ अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में विराजमान हैं। जो सकल कामनाओं की पूर्ति करते हैं। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित यह स्थल चार धाम, बारह ज्योतिर्लिंग तथा देवी त्रिपुर सुंदरी के केन्द्र बिन्दु पर स्थित है। इस मंदिर की निर्माण संरचना एवं वास्तुकला महामृत्युंजय मंत्र पर आधारित है। मंदिर में श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने के लिए आते हैं।

### रुचि के स्थान

जिले में चमत्कारी जामसांवली हनुमान मंदिर (सौंसर), पांढुर्ना का गोटमार पांढुर्णा, अर्द्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग, मोहगांव हवेली (सौसर), साईं टेकड़ी साईबाबा मंदिर, पांढुर्ना, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पांढुर्ना, चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज (पांढुर्ना), शिव मंदिर, शनिदेव मंदिर अमरावती रोड (पांढुर्ना), घोघरा वॉटरफाल (सौंसर), वाध्या नाला एडवेंचर, 'भुम्मा मोहगांव बांध', मोहि जलाशय, चंगोबा जलाशय, भवानी माता मंदिर सावरगांव, छिंदवाड़ा,विट्ठल रखुमाई मंदिर, पंढरी वार्ड, पांढुर्ना, श्री शनिदेव मंदिर, अमरावती रोड आदि प्रमुख रुचि के स्थान है।

### साई टेकड़ी साईबाबा मंदिर

यह मंदिर पांढुर्ना नगर की आस्था का केंद्र है। हर सप्ताह गुरुवार के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। साईबाबा का यह मंदिर शहर के पारडी रोड पर स्थित है।

### घोगरा जलप्रपात

यह जल प्रपात मध्यप्रदेश राज्य के पांढुर्ना जिले के सबसे आकर्षक झरनों में से एक है। यह छिंदवाड़ा जिले के सबसे आकर्षक वॉटरफॉल में शामिल है, जो विश्वप्रसिद्ध जामसांवली हनुमान मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घोघरा वॉटरफॉल सहस्र धाराओं में चट्टानों से गिरते हुए सबका मनमोह लेता है।

### पांढुर्ना का गोटमार मेला



पांढुर्ना शहर में 'गोटमार मेला' हर वर्ष पोला पर्व के दूसरे दिन भाद्रपद अमावस्या को मनाया जाता है। इसमें पांढुर्णा जिले और सावरगांव के लोग एक-दूसरे पर पत्थर बरसाते हैं। सितंबर महीने की शुरुआत में यहां जाम नदी पर दोनों गांव के लोग इकट्ठा होते हैं। सबसे पहले मां चंडिका के चरणों में माथा टेकते हैं। इसके बाद एक-दूसरे पर पत्थर से हमला करते हैं। यह खेल सुबह से शुरू होकर शाम तक चलता है। गोटमार खेल से पहले जाम नदी के बीच में झंडा गाड़ा जाता है। जब गोटमार खत्म होता है तो यह झंडा मां चंडिका के मंदिर में अर्पित किया जाता है। गोटमार मेले में पलाश रूपी झंडे का काफी महत्व है। इस झंडे को जंगल से लाने की परंपरा 4 पीढ़ियों से सावरगांव के एक स्थानीय परिवार द्वारा निभाई जा रही है। एक साल पहले जंगल में पलाश रूपी झंडे को चिह्नित किया जाता है। जिसमें पोला त्योहार के एक दिन पहले इस परिवार के यहां लाया जाता है।




### उत्पादन

पांढुर्ना में खेती प्रमुख व्यवसाय है यहां की मिट्टी उपज के लिए बेहतर मानी जाती है। मिट्टी की इसी विशेषता के कारण यहां कपास और संतरे का विपुल उत्पादन होता है। यहां उत्पादित होने वाली अन्य फसलों में सोयाबीन, मूंगफली, फूलगोबी, चना और, गेहूं शामिल है। जिले में कई खाद्य तेल मिले हैं। इससे यहां बड़ी संख्या में रोज़गार मिलता है।

### एक नजर में

| | |
|---|---|
| क्षेत्रफल | - 1522.22 स्क्वायर किलोमीटर |
| राजस्व प्रभाग | - 2 |
| ग्राम पंचायतों की संख्या | - 131 |
| नगर पालिकाओं, नगर परिषद की संख्या | - 5 |
| गांवों की संख्या | - 317 |
| जनसंख्या | - 374310 |

### जामसांवली हनुमान मंदिर



चमत्कारी जामसांवली हनुमान मंदिर पांढुर्ना से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दस्तावेजों के अनुसार जामसांवली मंदिर लगभग 100 वर्षों पुराना है। यहां सबसे अधिक श्रद्धालु मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से पहुंचते हैं। जामसांवली मंदिर की एक और खास बात यह है कि यहां हनुमान जी की मूर्ति की नाभि से जल निकलता है। भक्त इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि मानसिक रोग से पीड़ित लोगों को यहां के पवित्र जल से आराम मिलता है।

- देवेन्द्र गोरे (लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)




## गुलवीर सिंह ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने अमेरिका में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर द्वारा आयोजित द टेन प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर दौड़ में एक बार फिर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। गुलवीर ने प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर की दौड़ में 27 मिनट 00.22 सेकेंड का समय लेकर अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27 मिनट 14.88 सेकेंड का था जिसे उन्होंने नवंबर-2024 में जापान के हाचियोजी में बनाया था। गुलवीर ने वर्ष 2024 में दो बार अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने जापान में इसे बेहतर करने से पहले मार्च में कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में 27 मिनट 41.81 सेकेंड का समय लिया था। गुलवीर ने वर्ष 2024 में पुरुषों की पांच हजार मीटर दौड़ में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

### एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप

# भारतीय पहलवानों ने जीते 10 पदक


**अम्मान,** भारतीय पहलवानों ने जॉर्डन में आयोजित एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवानों ने प्रतियोगिता में 10 पदक अपने नाम किए हैं, इनमें एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं।

**मनीषा ने जीता स्वर्ण पदक**

एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक मनीषा भानवाल ने जीता। मनीषा ने महिलाओं की 62 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में उत्तर कोरिया की किम ओक जू को रोमांचक मुकाबले में 8-7 से हराया। फाइनल मुकाबले में जीत की दावेदार मनीषा एक समय अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-7 से पीछे थीं, लेकिन मुकाबले के अंतिम क्षणों में मनीषा ने जबरदस्त पलटवार किया और किम ओक को चित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**दीपक, उदित और रितिका ने जीते रजत पदक**

एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों ने तीन रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में दीपक पूनिया और उदित कुमार ने पुरुष वर्ग में तथा रीतिका हुड्डा ने महिला वर्ग में रजत पदक जीता। दीपक पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में तीसरी बार रजत पदक जीता है जबकि उदित को लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की 92 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के सेमीफाइनल में दीपक ने जापान के ताकाशी इशिगुरो को 8-1 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वहीं उदित ने भी 61 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फाइनल में उन्हें जापान के नंबर वन पहलवान ताकारा सूडा ने 6-4 से हराया।




- दीपक ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में अब तक चार पदक जीते हैं। उन्होंने वर्ष 2021 और 2022 में रजत पदक जीते हैं।
- दीपक ने वर्ष 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते हैं।
- उदित ने वर्ष 2024 में भी एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।
- भारत ने वर्ष 2024 में एशियाई चैम्पियनशिप में 9 पदक जीते थे।

प्रतियोगिता में महिलाओं की 76 किलोग्राम भारवर्ग में रितिका हुड्डा ने रजत पदक जीता। स्पर्धा के फाइनल में रितिका को किर्गिस्तान की ऐपेरी मेदेत किजी के खिलाफ नजदीकी मुकाबले में 6-7 से हार का सामना करना पड़ा।

एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारत के छह पहलवान कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। प्रतियोगिता में भारत के लिए दिनेश गोलिया, सुनील कुमार, नीतेश सिवाच, अंतिम पंघल, मुस्कान और मानसी लाठेर ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

## मध्यप्रदेश के कपिल ने जूडो विश्वकप में जीता कांस्य

**अम्मान,** मध्यप्रदेश के जूडो खिलाड़ी कपिल परमार ने आईबीएसए जूडो विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में कपिल ने पुरुषों की अंडर-70 पैरा ब्लाइंट स्पर्धा में यह पदक जीता। कपिल ने स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर कांस्य पदक पक्का कर लिया था, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें इटली के खिलाड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा, इसके बावजूद वह कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। उल्लेखनीय है कि कपिल ने वर्ष 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में भी जूडो में कांस्य पदक जीता था।

## कमल ने नेशनल स्नूकर चैम्पियनशिप में जीता पदक

**गोवा,** मध्यप्रदेश के खिलाड़ी कमल चावला ने गोवा में आयोजित इंडियन मास्टर्स नेशनल स्नूकर चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। कमल ने कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ जैन को 3-1 से हराया। कमल ने प्रतियोगिता में 108 अंकों का सबसे बड़ा ब्रेक लगाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। कमल चावला का मास्टर्स नेशनल चैम्पियनशिप में यह पहला पदक है, वह राष्ट्रीय स्तर पर अब तक 15 पदक जीत चुके हैं। इस जीत के साथ ही कमल ने कतर में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स स्नूकर चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई भी कर लिया है।

# ऑस्ट्रेलिया में 3 वन-डे और पांच ट्वेंटी-20 मैच खेलेगा भारत

**मेलबर्न,** भारतीय क्रिकेट टीम इस वर्ष के अंत में तीन वन-डे (एकदिवसीय) और पांच ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। यह जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने दी है। सीए ने अपने घरेलू सीजन 2025-26 का शेड्यूल जारी किया, जिसमें भारत के खिलाफ सीमित ओवर प्रारूपों की सीरीज भी शामिल है। सीए ने कहा कि भारतीय टीम इस वर्ष 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

भारतीय टीम के दौरे की शुरुआत 19 अक्टूबर को खेले जाने वाले वन-डे मैच से होगी। यह मैच पर्थ में खेला जाएगा। वन-डे सीरीज का दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड तथा तीसरा मैच 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। दौरे पर पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज भी खेली जाएगी। सीरीज का पहला मैच 29 अक्टूबर को कैनबरा में, दूसरा मैच 31 अक्टूबर को मेलबर्न में, तीसरा मैच 2 नवंबर को होबार्ट में, चौथा मैच 6 नवंबर को गोल्ड कोस्ट में तथा पांचवां मैच 8 नवंबर को ब्रिस्बेन में खेला जाएगा।

## चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा जूनियर विश्वकप

**चेन्नई,** हॉकी इंडिया ने इस वर्ष के अंत में भारत की मेजबानी में खेले जाने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप के लिए मैच स्थलों की घोषणा कर दी है। हॉकी इंडिया ने बताया कि यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। यह चौथा अवसर है जब भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले भारत ने वर्ष 2013, 2016 और 2021 में भी इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।

# हॉकी इंडिया ने महिला खिलाड़ियों के कोर समूह में किया बदलाव

**बेंगलुरु,** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में महिला खिलाड़ियों का कोर समूह घोषित कर दिया है। हॉकी इंडिया ने कहा कि पिछले दो सप्ताह के प्रदर्शन के आकलन के बाद कोर समूह में 65 से घटाकर 40 खिलाड़ियों का कर दिया । यह शिविर बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 23 मार्च को शुरू हुआ था। हॉकी इंडिया ने कहा कि कोर समूह में 28 सीनियर खिलाड़ियों की जगह बरकरार है।

हॉकी इंडिया ने कहा गोलकीपिंग के लिए पांच गोलकीपरों को चुना गया है, इनमें सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी और माधुरी किंडो हैं। इनके साथ असम की समीक्षा सक्सेना का चयन भी किया गया है।

**सीनियर कोर ग्रुप**

**गोलकीपर** - सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो और समीक्षा सक्सेना।

HOCKEY INDIA

**डिफेंडर** - महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता अबासो धेकाले, अंजना डुंगडुंग और सुमन।

**मिडफील्डर** - वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो और पूजा यादव।

**फॉरवर्ड** - दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, अन्नु, चंदना जगदीश और काजल अत्पडकर।

## फीफा क्लब विश्वकप की इनामी राशि में हुई वृद्धि

**न्यूयॉर्क,** फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने क्लब विश्वकप के लिए इनामी राशि में वृद्धि की है। फीफा ने क्लब विश्वकप के लिए एक बिलियन डॉलर (लगभग 85.66 अरब रुपये) की पुरस्कार राशि घोषित की है। इस राशि से चैंपियन बनने वाली टीम को 125 मिलियन डॉलर (लगभग 10.70 अरब रुपये) तक मिल सकते हैं। यह पुरस्कार राशि टूर्नामेंट को और भी रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए है। फीफा ने कहा कि 14 जून से 13 जुलाई तक चलने वाले फीफा क्लब विश्वकप टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों को 525 मिलियन डॉलर तक की फीस दी जाएगी।

## यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशिया के ब्यूरो सदस्य बने संजय सिंह

**अम्मान,** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह को कुश्ती की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है। यह जानकारी यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने दी है। संजय सिंह का चुनाव ओमान में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशिया आम सभा के दौरान किया गया। आम सभा में संजय सिंह को सदस्य बनाने के लिए 38 में से 22 वोट मिले।

### राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बारह खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार

मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार वर्ष 2023 की घोषणा की है। राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार में 12 विक्रम, 11 एकलव्य, 3 विश्वामित्र और एक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023 के राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार- विक्रम पुरस्कार, एकलव्य, विश्वामित्र पुरस्कार एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार घोषित किए गए हैं इन पुरस्कारों से सम्मानित सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल हस्तियों को हार्दिक बधाई।

श्री सारंग ने बताया कि विक्रम पुरस्कार सीनियर खिलाड़ियों को प्रदान किया जाता है। इस बार विक्रम पुरस्कार 12 सीनियर खिलाड़ियों को प्रदान किया गया है, जिसमें से ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल में 6 व्यक्तिगत श्रेणी में, 3 दलीय श्रेणी में, एक पुरस्कार दिव्यांग श्रेणी में एवं एक पुरस्कार परंपरागत खेल (ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में नहीं खेले जाने वाले खेलों को छोड़कर) एवं एक पुरस्कार साहसिक खेल में दिया जाता है। विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वाले खिलाड़ी को 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं।




राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा स्थापित करने के लिये छोटी उम्र से ही खेलों के प्रति एकाग्रता आवश्यक है। अत: इस ओर बालक-बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 1996 से जूनियर खिलाड़ियों के लिये, जिन्होंने प्रदेश के लिये अटूट विश्वास सतत साधना कर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है, एकलव्य पुरस्कार प्रदान किया जाता है। एकलव्य पुरस्कार 21 वर्ष से कम आयु के जूनियर खिलाड़ियों को प्रदान किया जाता है। एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वाले जूनियर खिलाड़ी को एक लाख रुपये एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है।

**विक्रम पुरस्कार** - ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, जाहन्वी श्रीवास्तव, रागिनी मार्को, शिवानी पवार, श्रुति यादव, यामिनी मौर्य, सचिन भार्गो, नीलू डांडिया, प्रवीण कुमार दवे, रूबिना फ्रांसिस, अपूर्व दुबे और भावना डहेरिया।

**एकलव्य पुरस्कार** - रितुराज बुंदेला, भूमि बघेल, कृष्णा मिश्रा, पूजा दांगी, प्रभाकर सिंह राजावत, नेहा ठाकुर, प्रखर जोशी, अर्जुन वास्कले, प्रियांशी प्रजापत, अंकित पाल और गौरव पचौरी।

**विश्वामित्र पुरस्कार** - पीयूष कांती बरोई, अशोक कुमार यादव और लोकेन्द्र शर्मा।

**लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार** - रतनलाल वर्मा

## हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर वंदना कटारिया ने संन्यास का ऐलान किया है। वंदना भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने 320 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इन मैचों में वंदना ने 158 गोल किए हैं। संन्यास की घोषणा करते हुए वंदना ने कहा कि भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं। वंदना ने वर्ष 2009 में भारत के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में कदम रखा था। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक जमाई थी, यह कारनामा करने वाली वह पहली भारतीय हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

## सामयिकी

### मलेशिया में गैस पाइप फटने से भीषण आग

मलेशिया में गैस पाइप फटने से भीषण हादसा हुआ। कुआलालंपुर के बाहर मलेशियाई उपनगर में भीषण आग लग गई। प्राथमिक तौर पर इसकी वजह गैस पाइपलाइन का फटना बताया जा रहा है। इसके बाद भारी अफरातफरी मची और आस-पास के इलाकों के घरों को खाली कराना पड़ा। अब तक 100 से ज्यादा लोगों के झुलसने की जानकारी सामने आई है। आग की चपेट में करीब 50 घर भी आए हैं।

राष्ट्रीय तेल कंपनी पेट्रोनास ने एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार उसकी एक गैस पाइपलाइन में विस्फोट के बाद आग लग गई। प्रभावित पाइपलाइन को अलग कर दिया गया है। आग वाली जगह के पास के तीन गैस स्टेशन प्रभावित नहीं हुए, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जांच अभी भी जारी है।

### एटीएम : पांच बार से ज्यादा धन निकासी पर लगेगा अधिक शुल्क

**1 मई से शुल्क हो जाएगा 23 रुपये**

ग्राहकों को एटीएम से निःशुल्क निकासी सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर एक मई से प्रति लेन-देन 23 रुपये देने होंगे। आरबीआई ने बैंकों को एक मई से एटीएम से पैसा निकालने पर शुल्क दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेन-देन करने की अनुमति दे दी। यह शुल्क माह में निःशुल्क निकासी संख्या समाप्त होने के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा।

ग्राहक एटीएम से हर महीने पांच निःशुल्क लेन-देन के लिए पात्र हैं। वे अन्य बैंकों के एटीएम से भी मुफ्त लेन-देन के लिए पात्र हैं। महानगरों में वे तीन निःशुल्क लेन-देन और अन्य स्थानों पर पांच निःशुल्क लेन-देन कर सकते हैं। "मुफ्त लेन-देन के अलावा ग्राहक से प्रति लेन-देन अधिकतम 23 रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। यह एक मई 2025 से प्रभावी होगा।" वर्तमान में, बैंकों को ग्राहक द्वारा मुफ्त लेन-देन सीमा समाप्त होने के बाद प्रति लेन-देन 21 रुपये का शुल्क लेने की अनुमति है।

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की नींव रखी**

# कठिन से कठिन समय में भी भारत में चेतना जागृत रखने के लिए नए-नए सामाजिक आंदोलन चलते रहे- प्रधानमंत्री

- देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, ये हमारी प्राथमिकता है।
- जब प्रयासों में मैं नहीं बल्कि हम पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जब राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि होती है।
- विश्व में जहां भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है, भारत पूरे मनोयोग से सेवा के लिए खड़ा रहता है।
- राष्ट्र निर्माण की भावना से ओतप्रोत हमारे युवा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं।


*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर में कार्यक्रम को संबोधित किया*

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की नींव रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि माधव नेत्रालय एक महान पहल के विस्तार का प्रेरक है। यह आध्यात्मिकता, ज्ञान, गौरव और मानवता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने माधव नेत्रालय को एक ऐसा संस्थान बताया जो पूज्य गुरुजी के आदर्शों का पालन करते हुए दशकों से लाखों लोगों की सेवा कर रहा है और अनगिनत लोगों के जीवन में रोशनी लौटा रहा है। उन्होंने माधव नेत्रालय के नए परिसर के शिलान्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि इस सेंटर से हज़ारों नए जीवन में रोशनी आएगी और उनके जीवन से अंधकार दूर होगा। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में देश द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता सभी नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना है, यहां तक कि सबसे गरीब व्यक्ति को भी सर्वोत्तम संभव उपचार मिले। उन्होंने उल्लेख किया कि किसी भी नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन से वंचित नहीं किया जाना चाहिए और वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया है, उन्हें चिकित्सा उपचार के बारे में चिंता में नहीं रहना चाहिए। उन्होंने आयुष्मान भारत के प्रभाव पर प्रकाश डाला और कहा कि लाखों लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान किया है। श्री मोदी ने देश भर में हजारों जन औषधि केंद्रों का भी उल्लेख किया जो गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को सस्ती दवाएं प्रदान करते हैं जिससे नागरिकों को हजारों करोड़ रुपये की बचत होती है। प्रधानमंत्री ने पिछले एक दशक में गांवों में लाखों आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना के बारे में बताया। ये लोगों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन सुविधाओं ने नागरिकों को चिकित्सा जांचों के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।

**विश्व मंच पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे**

देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी करने और एम्स संस्थानों की संख्या तीन गुनी करने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में अधिक कुशल डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मेडिकल सीटों की संख्या भी दोगुनी कर दी गई है। उन्होंने छात्रों को उनकी मूल भाषाओं में चिकित्सा का अध्ययन करने के लिए सरकार के प्रयासों पर जोर दिया जिससे वे डॉक्टर बन सकें।

**पीढ़ियों के विस्तार पर निर्भर करता है**

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व उसकी संस्कृति और चेतना के पीढ़ियों के विस्तार पर निर्भर करता है। उन्होंने भारत के सदियों पुराने गुलामी और आक्रमणों के इतिहास का उल्लेख किया जिन्होंने इसके सामाजिक ढांचे को खत्म करने का प्रयास किया।

**हम को प्राथमिकता देने को कहा**

प्रधानमंत्री ने "मैं" की बजाय "हम" को प्राथमिकता देने और सभी नीतियों और निर्णयों में राष्ट्र को पहले स्थान पर रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के दृष्टिकोण से पूरे देश में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देते हैं। प्रधानमंत्री ने देश को पीछे धकेलने वाली जंजीरों को तोड़ने की आवश्यकता और औपनिवेशिक मानसिकता से आगे बढ़ने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब 70 वर्षों से हीन भावना से ग्रसित उपनिवेशवाद के अवशेषों की जगह राष्ट्रीय गौरव के नए अध्याय जोड़ रहा है। उन्होंने भारतीयों को नीचा दिखाने के लिए बनाए गए पुराने ब्रिटिश कानूनों की जगह नई भारतीय न्याय संहिता लाने पर टिप्पणी की। उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ में बदलने पर जोर दिया।

## सीबीएसई ने वेबसाइट पर जारी किया वर्ष 2025-26 के संवाद का पैरेंटिंग कैलेंडर




शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी वेबसाइट पर पैरेंटिंग कैलेंडर जारी किया है, जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू होगा। इससे अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और बच्चों के समग्र विकास में मदद मिलेगी।

इस कैलेंडर को तैयार करने के लिए बोर्ड ने जनवरी में दस सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। कमेटी की सिफारिशों के आधार पर ही सीबीएसई ने इसे लॉन्च किया है।

बोर्ड की ओर से यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मद्देनजर की गई है।

बोर्ड का मानना है कि जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों पर ध्यान देते हैं तो उनका समग्र विकास बेहतर होता है। कैलेंडर में बताया गया कि माता-पिता और शिक्षकों के बीच एक मजबूत सहयोग एक ऐसा वातावरण बनाता है, जहां बच्चे अपनी क्षमता का पता लगा सकते हैं।

### मैक्सिको ने स्कूलों में बैन किया जंक फूड

मैक्सिको ने अपने देश में डायबिटीज और मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ते हुए स्कूलों में जंक फूड पूरी तरह से बैन कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि जंक फूड की वजह से देश में भारी संख्या में मोटापे और डायबिटीज के मरीज हो रहे हैं। इससे निपटने के लिए सरकार ने इस पर बैन लगाने का फैसला किया है, जो कि लागू हो गया है। मैक्सिकन स्वास्थ्य सचिव मारियो डेलगाडो ने कहा कि यह बैन माता-पिता को अपने बच्चों के लिए भोजन पकाकर स्कूल भेजने और स्कूल में पका हुआ भोजन खिलाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

दूसरी ओर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन में स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी जूनियर ने भी अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और जंक फूड को लक्षित करते हुए अमेरिका को फिर से स्वस्थ बनाने को लेकर अभियान चलाया हुआ है।

### वायुसेना-सेना को मिलेंगे 156 लड़ाकू हेलीकॉप्टर

रक्षा मंत्रालय ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएस) प्रचंड की खरीद के लिए दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय 62,700 करोड़ रुपये की लागत से यह खरीद कर रहा है। जिसमें प्रशिक्षण और अन्य उपकरणों की कीमत भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि एक अनुबंध वायुसेना के लिए, दूसरा अनुबंध सेना के लिए है, जिसमें 90 एलसीएच की आपूर्ति भारतीय सेना और शेष वायु सेना को की जाएगी।

हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति तीसरे वर्ष से शुरू होगी और अगले पांच वर्षों में पूरी होगी। इनके निर्माण में 250 से अधिक घरेलू कंपनियां एवं लघु उद्यम शामिल होंगे। इससे 8500 से अधिक रोज़गार सृजित होंगे।

## सशक्त भारत का उदाहरण है मेक इन इंडिया के माध्यम से बुनियादी ढांचे को मजबूत करना

भारत का बुनियादी ढांचा परिदृश्य विकास और वृद्धि के प्रेरक के रूप में मेक इन इंडिया पहल द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण बदलाव का उदाहरण है। यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, भारत सरकार ने परिवहन, लॉजिस्टिक्स और शहरी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई परिवर्तनकारी परियोजनाएं शुरू की हैं। भारतमाला परियोजना एक्सप्रेस-वे और आर्थिक गलियारों के साथ सड़क संपर्क को बढ़ा रही है। स्मार्ट सिटीज मिशन आधुनिक सुविधाओं और डिजिटल एकीकरण के साथ शहरी केंद्रों की फिर से कल्पना कर रहा है और पीएम गति शक्ति माल और लोगों की निर्बाध आवाजाही के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को सुव्यवस्थित कर रहा है। ये पहल अधिक कुशल, परस्पर संबद्ध और टिकाऊ भारत की नींव रख रही हैं। यह उपलब्धियां भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।




**अर्थव्यवस्था में तीव्र गति**

भारत की आर्थिक वृद्धि रणनीतिक बुनियादी ढांचे की पहलों से प्रेरित है, जिसमें घरेलू विनिर्माण और औद्योगिक विकास को मजबूत करने के लिए मेक इन इंडिया को मुख्य माना गया है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) विश्व स्तरीय विनिर्माण केंद्र बना रहा है, जबकि पीएम गति शक्ति डेटा-संचालित योजना के माध्यम से मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाता है।

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम, विश्व स्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित करने और पूरे भारत में नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई परिवर्तनकारी पहल है। स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को एकीकृत करके वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र बनाना है, साथ ही आर्थिक विकास और रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

**पीएम गति शक्ति**

वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया, पीएम गति शक्ति – मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान, विनिर्माण और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करके मेक इन इंडिया के विजन को मजबूत करता है। यह प्लेटफॉर्म रेलवे और रोडवेज सहित 16 मंत्रालयों के बीच समन्वय बढ़ाता है, जिससे लॉजिस्टिक्स को अनुकूलित करने और परियोजना में देरी को कम करने के लिए भू-स्थानिक मानचित्रण और डेटा-संचालित निर्णय लेने को एकीकृत किया जाता है।

### म्यांमार भूकंप त्रासदी भारत ने पांच सैन्य विमानों से भेजी राहत सामग्री

भारत ने म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए पांच सैन्य विमानों से राहत सामग्री, बचाव दल और चिकित्सा उपकरण भेजे हैं। इस भूकंप में 1,600 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 3,000 घायल हुए हैं। भारत ने म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से मची तबाही के मद्देनजर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना राहत मिशन शुरू किया, जिसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।